
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 252 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, शुक्रवार 28 मार्च 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



मैं उस आत्मारूपी देव की शरण में जाता हूँ, जो सब जीवों में विद्यमान है।

I go in the protection of soul looking deity, which is there in all creatures.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### महादेव ऐप और संचालकों को नरेंद्र मोदी और अमित शाह का है संरक्षण : भूपेश बघेल

**रायपुर (विसं)।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महादेव सट्टा एप मामले में सीबीआई छापे पर कहा कि इससे यह स्पष्ट हो गया कि जो महादेव सट्टा खिलाने के खिलाफ कार्रवाई करेगा, उसके घर सीबीआई का छापा पड़ेगा. महादेव सट्टा खिलाने वाले सभी को मोदी और शाह का संरक्षण प्राप्त है. मामले में वकीलों से बात कर कोर्ट जाएंगे। महादेव सट्टा एप मामले में सीबीआई की छापेमारी के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है. एक तरफ जहां पूरे प्रदेश में धरना-प्रदर्शन और पुतला दहन किया गया, वहीं दूसरी ओर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पीसीसी चीफ दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, महामंत्री मल्कित सिंह गैदू, पूर्व मंत्री शिव डहरिया, पूर्व विधायक सत्य नारायण शर्मा, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के साथ प्रेस वार्ता के जरिए अपना पक्ष रखा।

### छग हाईकोर्ट के तीन अतिरिक्त जजों का कार्यकाल बढ़ा, केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

**बिलासपुर (विश्व परिवार)।** केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के तीन अतिरिक्त न्यायाधीशों के कार्यकाल को एक वर्ष के लिए बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। इनमें जस्टिस सचिन सिंह राजपूत, जस्टिस राधाकिशन अग्रवाल और जस्टिस संजय कुमार जायसवाल शामिल हैं।

## छत्तीसगढ़ में आस्था को मिला नया संबल : मुख्यमंत्री साय ने "मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना" का किया शुभारंभ



- बुज़ुर्गों की आंखों में वर्षों से पल रही तीर्थ यात्रा की अभिलाषा हुई पूरीः पहली विशेष ट्रेन से 780 श्रद्धालु तिरुपति, मदुरै, रामेश्वरम रवाना
- विधवा और परित्यकता महिलाओं को भी अब मिल सकेगा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का लाभ

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज रायपुर रेलवे स्टेशन से पहली विशेष तीर्थ यात्रा ट्रेन को तिरुपति, मदुरै और रामेश्वरम के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पहली तीर्थ यात्रा ट्रेन में रायपुर और बलौदाबाजार-भाटापारा जिलों के 780 श्रद्धालु बुजुर्ग सम्मिलित हुए, जिनके लिए यह यात्रा केवल धार्मिक अनुभव नहीं, बल्कि सम्मान और स्नेह का प्रतीक बन गई। प्रदेश के बुजुर्गों की वर्षों पुरानी अभिलाषा आज पूरी हो गई जब मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का विधिवत शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने तीर्थयात्रा पर जा रहे बुजुर्गों से आत्मीय चर्चा करते हुए कहा कि आप सभी के चेहरे पर जो खुशी है, वही मेरा संतोष है। उन्होंने कहा कि रामेश्वरम में आप लोग पवित्र रामसेतु देख सकेंगे, ज्योतिर्लिंग का दर्शन कर सकेंगे। आप लोग मदुरै तीर्थ का भी दर्शन करेंगे जहां मीनाक्षी मंदिर है। तिरुपति में बालाजी का दर्शन करेंगे। दक्षिण भारत के तीर्थ स्थलों को देखने का यह सुंदर अवसर है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री रामलला योजना अंतर्गत अब तक 22 हजार से अधिक श्रद्धालु अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन कर चुके हैं। प्रयागराज में 144 वर्षों उपरांत महाकुंभ का आयोजन हुआ। छत्तीसगढ़ के तीर्थयात्रियों ने भी बड़ी संख्या में कुंभ में हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ के तीर्थयात्रियों की सेवा के लिए और उनकी सुविधा का ध्यान रखने के लिए हमने प्रयागराज मेला क्षेत्र में छत्तीसगढ़ पवैलियन तैयार किया था। यहां लगभग साढ़े चार एकड़ में तीर्थयात्रियों के रूकने के इंतजाम थे। यह हमारा सौभाग्य है कि हम गंगा जी में स्नान करने पहुंचे प्रदेश के लाखों श्रद्धालुओं की सेवा कर सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब श्रद्धालुओं की यात्रा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत निरन्तर होती रहेगी। उन्होंने कहा कि इस योजना के लिए हमने 15 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया है। इस योजना में उज्जैन, पुरी, द्वारिका, वैष्णो देवी, मथुरा, वृंदावन जैसे अनेक तीर्थ स्थलों को जोड़ा गया है, जिनकी निःशुल्क यात्रा कराई जाएगी।

### यह केवल यात्रा नहीं, संस्कृति और श्रद्धा का संगम है : मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े

समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना केवल तीर्थ यात्रा नहीं, बल्कि हमारी सनातन संस्कृति, परंपराओं और धार्मिक आस्था का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत उन श्रद्धालुओं को यह अवसर प्राप्त होगा, जो अब तक आर्थिक सीमाओं के कारण तीर्थ यात्रा से वंचित रहे हैं। सरकार ने श्रद्धालुओं के लिए पूर्ण सुविधायुक्त पैकेज तैयार किया है जिसमें ट्रेन यात्रा, यात्रियों के ठहरने, भोजन, मंदिर दर्शन, सुरक्षा और चिकित्सा जैसी सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ शामिल हैं। स्पेशल ट्रेन में टूर एस्कॉर्ट, पुलिस बल और चिकित्सकों की टीम भी उनके साथ यात्रा कर रही है ताकि श्रद्धालुओं को हर क्षण सुरक्षा और सुविधा का अहसास हो। योजना के तहत देशभर के 19 प्रमुख तीर्थ क्षेत्रों को शामिल किया गया है, जिनमें उज्जैन, ओंकारेश्वर, पुरी, हरिद्वार, काशी, शिरडी, वैष्णोदेवी, अमृतसर, द्वारका, बोधगया, कामाख्या मंदिर, सबरीमाला जैसे प्रमुख धार्मिक स्थल सम्मिलित हैं।

## बिलासपुर के मोहभट्ठा में 30 मार्च को आयोजित होगी ऐतिहासिक जनसभा

## पीएम नरेन्द्र मोदी का बिलासपुर दौरा, मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम स्थल पर पहुँचकर तैयारियों का लिया जायजा

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 30 मार्च को बिलासपुर जिले के बोदरी तहसील स्थित ग्राम मोहभट्ठा में प्रस्तावित विशाल जनसभा की तैयारियों का आज मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने स्वयं कार्यक्रम स्थल पर पहुँचकर जायजा लिया। उन्होंने कार्यक्रम से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं—मुख्य मंच, हेलीपैड, ग्रीन रूम, सांस्कृतिक मंच, हितग्राहियों एवं विशिष्ट अतिथियों की बैठक व्यवस्था आदि का गहन निरीक्षण किया।



मुख्यमंत्री श्री साय ने मौके पर अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए कि 55 एकड़ क्षेत्र में आयोजित इस ऐतिहासिक सभा के लिए सभी तैयारियाँ समयबद्ध, सुव्यवस्थित और जनहित केंद्रित हों। बैठक में बताया गया कि कार्यक्रम में प्रदेशभर से लगभग 2 लाख लोगों के शामिल होने की संभावना है, जिसके मद्देनज़र सभी विभागों को अलर्ट मोड पर कार्य करने को कहा गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का अब तक का सबसे बड़ा छत्तीसगढ़ दौरा होगा। उनका आगमन नवरात्रि के शुभ अवसर पर हो रहा है, जो प्रदेश के विकास के लिए अत्यंत मंगलकारी संकेत है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमने स्वयं दिल्ली जाकर उन्हें आमंत्रित किया था, और आज पूरा प्रदेश उनके स्वागत के लिए आतुर है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने जानकारी दी कि इस ऐतिहासिक आयोजन में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी लगभग 33,000 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात देंगे। इनमें पीएम जनमन योजना के तहत विशेष रूप से बिरहोर, बैगा और पहाड़ी कोरवा जैसी जनजातियों के लिए संचालित योजनाएँ शामिल हैं, जो छत्तीसगढ़ के आदिवासी अंचलों के विकास को नई दिशा देंगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने जिला प्रशासन को निर्देशित किया कि हितग्राहियों को घर से सभा स्थल तक लाना और वापस सुरक्षित पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक ज़िम्मेदारी है। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए जल, छाया, चिकित्सा आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव के नेतृत्व में स्थानीय प्रशासन पूरी तन्मयता से तैयारियों में जुटा है और यह कार्यक्रम प्रदेश के जनजीवन में एक ऐतिहासिक स्मृति के रूप में दर्ज होगा।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि आमसभा के सफल आयोजन के लिए सभास्थल में सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। इस अवसर पर विधायक श्री धरमलाल कौशिक, श्री अमर अग्रवाल, श्री धरमजीत सिंह, श्री पुन्नूलाल मोहले, श्री सुशांत शुक्ला, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी दयानंद, संभागायुक्त श्री महादेव कावरे, आईजी संजीव शुक्ला, कलेक्टर श्री अवनीश शरण सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## सीबीआई छापे को लेकर बोले मुख्यमंत्री ने कहा- दोषी कोई भी हो, बख्शा नहीं जाएगा



**रायपुर ( विसं )।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को महादेव सट्टा ऐप मामले में पूर्व सीएम भूपेश बघेल के आवास पर पड़े सीबीआई छापे को लेकर स्पष्ट किया कि आरोपी चाहे कोई भी हो बख्शा नहीं जाएगा। भूपेश बघेल ने एक्स पोस्ट में कहा था, %मेरी अनुपस्थिति में मेरे शासकीय आवास में बिना मुझे सूचना दिए प्रवेश करना पूर्णतः अनाधिकृत है। इस पर साय ने कहा, बघेल के पास बोलने को कुछ नहीं है, इसलिए कुछ भी कह रहे हैं। सीबीआई महादेव सट्टा ऐप की जांच कर रही है। सबको पता है कि इस ऐप ने हमारे युवाओं को सट्टे की लत लगाकर उनकी जिंदगी बर्बाद की। इसमें कोई भाजपा-कांग्रेस का सवाल नहीं है। जो भी दोषी होगा, चाहे कोई भी हो, कार्रवाई होगी। किसी को नहीं बख्शा जाएगा।

साय बेंगलुरु में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम से लौटने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस मामले में जांच पूरी पारदर्शिता के साथ हो रही है। साय ने जोर देकर कहा कि महादेव सट्टा ऐप ने छत्तीसगढ़ के युवाओं को गलत रास्ते पर धकेला, जिसकी गहन जांच जरूरी है। उन्होंने बघेल के बयान को खारिज करते हुए कहा कि जांच के नतीजे सबके सामने आएंगे और दोषियों पर सख्ती बरती जाएगी।

## 29वां भोरमदेव महोत्सव : स्वदेश दर्शन योजना के तहत भोरमदेव क्षेत्र के लिए मिली 146 करोड़ की स्वीकृति, जिले के ऐतिहासिक स्थलों का होगा विकास

### डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने युवाओं के लिए निःशुल्क उच्च स्तरीय कोचिंग की घोषणा



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** सतपुड़ा पर्वत की मैकल पहाड़ी श्रृंखलाओं से घिरे सुरम्य और ऐतिहासिक कबीरधाम जिले के भोरमदेव मंदिर के प्रांगण में 29वां दो दिवसीय भोरमदेव महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर और मंत्रोचार के बीच भगवान भोरमदेव की पूजा अर्चना के साथ हुई। महोत्सव का उद्घाटन प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, राजस्व एवं खेल मंत्री श्री टंकराम वर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय और पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने दीप जलाकर और विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर किया। इस मौके पर प्रदेशभर से आए श्रद्धालुओं और दर्शकों की भारी भीड़ ने आयोजन में भाग लिया, जिससे माहौल भक्तिमय और उत्सवमय हो गया। उद्घाटन समारोह के पहले दिन, प्रख्यात भजन गायक श्री हंसराज रघुवंशी ने भव्य प्रस्तुति दी। उनकी भक्ति भावना से ओत-प्रोत भजनों ने न केवल श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया, बल्कि महोत्सव के महत्व को और बढ़ा दिया। श्री हंसराज रघुवंशी ने बाबा भोरमदेव और भोलेनाथ बाबा के भजनों से मंदिर परिसर में भक्तिरस की लहर दौड़ा दी। भोरमदेव महोत्सव जो वर्षों से इस मंदिर में आयोजित किया जा रहा है, इस बार भी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर का उत्सव बनकर उभरा।

भोरमदेव महोत्सव के उद्घाटन समारोह में उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि भोरमदेव महोत्सव छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से न केवल राज्य की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को मजबूती मिलती है, बल्कि यह प्रदेशवासियों को अपनी समृद्ध परंपराओं से जुड़ने का भी एक अद्भुत अवसर प्रदान करता है। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने आज पवित्र तिथि तेरस में भोरमदेव महोत्सव के शुभ अवसर बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत आज भोरमदेव मंदिर परिसर सहित आसपास के ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण, संवर्धन और सुरक्षा के लिए 146 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने कहा कि भोरमदेव मंदिर, रामचुआ, मड़वा महल, छेरकी महल और सरोधा जैसे ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थलों को विकसित करने के लिए इस राशि का उपयोग किया जाएगा।

## राज्यसभा के सभापति ने अमित शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस को खारिज किया

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस को खारिज कर दिया, क्योंकि मंत्री ने 1948 की सरकारी प्रेस विज्ञप्ति का हवाला देते हुए अपने बयान को प्रमाणित किया था कि एक कांग्रेस नेता प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) के प्रबंधन का हिस्सा थे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश के विशेषाधिकार हनन नोटिस पर अपने फैसले में श्री धनखड़ ने कहा कि श्री शाह ने कोई उल्लंघन नहीं किया है और मंगलवार को बहस के दौरान उनके बयान सत्य के पूर्ण अनुरूप थे। उन्होंने कहा कि मीडिया में चर्चा पाने के लिए विशेषाधिकार हनन का मामला जल्दबाजी में उठाया गया।

## हरीश दुहन ने संभाला एसईसीएल सीएमडी का पदभार



**बिलासपुर ( विश्व परिवार )।** श्री हरीश दुहन ने एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। एसईसीएल मुख्यालय आगमन पर निदेशक मण्डल, सीवीओ, विभागाध्यक्षों अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर एसईसीएल की सुरक्षा टुकड़ी द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर के साथ सम्मानित किया गया। इससे पहले श्री दुहन सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड में निदेशक तकनीकी (संचालन) के पद पर कार्यरत थे।


**पढ़ें एसईसीएल सीएमडी श्री हरीश दुहन के बारे में**- श्री हरीश दुहन कोयला खनन क्षेत्र में 34 वर्षों से अधिक का व्यापक अनुभव रखते हैं। उन्होंने अपनी स्नातक उपाधि नागपुर विश्वविद्यालय से माइनिंग इंजीनियरिंग में प्राप्त की। श्री दुहन ने वर्ष 1989 में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड से कोल इंडिया लिमिटेड में अपनी सेवाओं की शुरुआत की। उनके पास फर्स्ट क्लास माइन मैनेजर सर्टिफिकेट तथा प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा की उपाधि भी है।

एसईसीएल का सीएमडी बनने से पहले, श्री दुहन सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) में निदेशक तकनीकी (संचालन) के रूप में कार्यरत थे। इसके अलावा, उन्होंने नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की निगाही परियोजना में एरिया जनरल मैनेजर तथा कॉर्पोरेट प्रोजेक्ट प्लानिंग विभाग के महाप्रबंधक के रूप में भी अपनी सेवाएं दी हैं।

श्री दुहन को पर्यावरण-हितैषी फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी परियोजनाओं के कार्यान्वयन, डिजिटलीकरण तथा सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विकास में विशेष अनुभव प्राप्त है।

श्री हरीश दुहन के एसईसीएल के सीएमडी पदभार ग्रहण करने के अवसर पर पूरी कंपनी में हर्ष का माहौल है। एसईसीएल परिवार को विश्वास है कि उनके कुशल नेतृत्व में कंपनी नए ऊँचाइयों को प्राप्त करेगी और ऊर्जा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

## भाटापारा में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक के अवसर पर रथ यात्रा महोत्सव सानंद सम्पन्न









**भाटापारा ( विश्व परिवार )।** श्री 1008 भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक महोत्सव भाटापारा नगर में धूमधाम से मनाया गया। प्रातः काल 7:00 बजे भगवान का मंगल अभिषेक, पाण्डुक शीला में विराजमान कर भक्ति भावपूर्वक किया गया, उसके पश्चात शांति धारा संपन्न हुई। शांति धारा के पश्चात मूल नायक भगवान आदिनाथ की विशाल प्रतिमा का महामस्तकाअभिषेक संपन्न हुआ। मंगल आरती की गई।

आचार्य भगवान श्री विद्यासागर जी महाराज, परम पूज्य परम तपस्वी राष्ट्र संत मुनि श्री 108 चिन्मय सागर जी महाराज जंगल वाले बाबा, श्री 105 आर्यिका ज्ञानमती माताजी के मंगल आशीर्वाद से श्री आदिनाथ जयंती रथ यात्रा महोत्सव का आयोजन सन 2015 से निरंतर किया जा रहा है। सुबह 8:00 बजे कर्नाटक में निर्मित 27 फीट ऊंचा सागौन लकड़ी का नक्काशी युक्त रथ में भगवान की प्रतिमा विराजमान कर, प्रतिष्ठाचार्य भरत शास्त्री इंदौर एवं बाल ब्रह्मचारी दीपक भैया, अमरकंटक के सानिध्य में रथ यात्रा प्रारंभ की गई।

रथ यात्रा के आगे 51 कलश लेकर के कुंवारी कन्याएं, 51 ध्वज ,एवं आसपास ग्रामीण अंचल से आई हुई भजन मंडली नृत्य करते हुए चल रही थी। विशाल रथ यात्रा भाटापारा नगर के विभिन्न मार्गो से होकर पुनः मंदिर में समाप्त हुई। रथ यात्रा का स्वागत समस्त जैन समाज ने मंगल आरती उतार कर श्रीफल चढ़कर , भाटापारा धर्मनगर के समस्त समाज, ब्राह्मण समाज, ठाकुर समाज, सिख समाज अग्रवाल समाज, गुप्ता समाज, गुजराती समाज, वैष्णव समाज, केशरवानी समाज, मानिकपुरी समाज, साहू समाज , देवांगन, समाज, कुर्मी समाज, इलेक्ट्रिक एवं इलेक्ट्रॉनिक संगठन आदि ने किया, एवम बाल ब्रह्मचारी दीपक भैया अमरकंटक से मंगल आशीर्वाद प्राप्त कर पुष्प अर्पित किया।

श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर कमेटी भाटापारा के द्वारा समस्त समाज का अभिनंदन मोमेंटो देकर किया गया। कार्यक्रम में बलोदा बाजार, नेवरा, सिंमगा, नयापारा राजिम, रायपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनंदगांव, बिलासपुर, डोंगरगढ़ के भक्त शामिल हुए। मंदिर मे रथ यात्रा समाप्ति के पश्चात श्रीजी की प्रतिमा का मंगल अभिषेक, पाण्डुक शीला पर किया गया, इसमें चार इंद्र के द्वारा भगवान का मंगल अभिषेक संपन्न हुआ। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर कमेटी एवं समस्त समाज के सहयोग से प्रतिवर्ष रथ यात्रा महोत्सव संपन्न होता है।

आज के कायर्कम में भारतीय जनता के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री शिवरतन शर्मा, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग एडवाइजरी पैनल सदस्य प्रकाश मोदी, बलौदाबाजार के नगरपालिका अध्यक्ष श्री अशोक जैन, भाटापारा के नगर पालिका अध्यक्ष श्री अश्विनी शर्मा, नोवाको प्लांट के प्रोजेक्ट हेड श्री जितेंद्र जैन, सोनाडीह प्लांट के अधिकारी श्री संतोष जी जैन, प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के पूर्व सदस्य श्री प्रदीप जैन (विश्व परिवार)आदि महानुभाव उपस्थित थे।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के विशेष सेवा देने वाले शिक्षकों एवं समाजसेवियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री अभिषेक मोदी ने किया आभार प्रदर्शन श्रीमती सुमन मोदी द्वारा किया गया। -**प्रकाश मोदी**

# सूरजपुर जिला में गणगौर सुहाग पर्व धूमधाम से मनाई गई

## राजस्थानी महिलाओं ने राजस्थानी परिधान में सज धज कर भगवान शंकर एवं गौरी की पूजा अर्चना की

**गोपाल सिंह विद्रोही**

**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)**- सूरजपुर जिला के विभिन्न छोटे-बड़े शहरों में राजस्थान का धार्मिक आस्था का पर्व गणगौर का त्यौहार सुहागिन महिलाओं द्वारा पूजा अर्चना के साथ धूमधाम से मनाने की खबर है। उक्त खबर के संबंध में बताया जाता है कि गणगौर का त्योहार राजस्थानी धार्मिक,संस्कृति 'परंपरा का पर्व है जिसे महिलाएं पवित्र मन एवं बड़े हर्ष उल्लास से मनाती हैं।

गणगौर का त्यौहार गौरी तृतीया अर्थात चैत्र शुक्ल तृतीया तिथि अर्थात 27 मार्च से प्रारंभ होकर आगामी 18 दिनों तक मनाई जाएगी।

**क्या है गणगौर त्योहार जिसे प्रत्येक महिलाओं को जानना आवश्यक है** - इस पर्व के विषय में बताया जाता है कि हिमालय पुत्री कुमारी गौरी 15 दिनों तक भगवान शंकर को अपने पति के रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या की ।चैत्र शुक्ल तृतीया तिथि को भगवान शंकर ने कुमारी पार्वती के समक्ष प्रकट होकर गौरी को अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार किया। माता गौरी ने इसी दिन अपनी अपनी उंगली से रक्त निकालकर समस्त नारी जाति को सुहागन होने का वरदान दिया ,इसलिए चैत्र शुक्ल तृतीया तिथि को गणगौर त्यौहार या सुहाग पर्व के रूप में खासकर राजस्थानी महिलाएं धूमधाम से पवित्र मन से भगवान शंकर एवं पार्वती की पूजा अर्चना कर मानती है।

**राजस्थान के विभिन्न जिलों में भिन्न स्वरूपों में महिलाएं करती हैं पूजा**- राजस्थान के विभिन्न इलाकों में अलग-अलग मान्यताओं के अनुसार गणगौर उत्सव मनाया जाता है। इस पर्व में महिलाएं माता पार्वती और भगवान शिव की श्रद्धा पूर्वक



पूजा-अर्चना करती हैं।राजस्थान में विवाहित महिलाएं अपनी पति की लंबी उम्र कुंवारी कन्याएं अच्छे पति के लिए गणगौर की पूजा पवित्र मन से करती है तथा पति का पाँव छूकर आशीर्वाद प्राप्त करती हैं।मान्यता है कि विवाहित और नवविवाहित महिलाएं यदि भगवान शिव और माता पार्वती के प्रतीक ईसर और गणगौर की पूजा-अर्चना करें, तो उनके पति की उम्र लंबी होती है. वहीं कुंवारी कन्या है अच्छे पति प्राप्त करने के लिए इस त्योहार को भगवान शिव जैसे योग्य पति की प्राप्ति की कामना करती हैं।

**क्यों मनाई जाती है**- प्राचीन परंपरा को बरकरार रखी हुई है राजस्थान की सुहागिन महिलाएं

गणगौर पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, माता पार्वती भगवान शिव को अपने पति के रूप में स्वीकार करती थीं. इसके लिए उन्होंने भगवान शिव की प्रतिमा बनाकर 15 दिनों तक कठोर तपस्या की. 16 वें दिन उनकी निष्ठा और तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव प्रकट हुए और उन्हें अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार किया, इसके बाद गाजे-बाजे के साथ माता पार्वती के परिवार ने उनका भगवान शिव के साथ विदा संस्कार किया। राजस्थान में मनाए जाने वाले गणगौर त्योहार में ईसर को भगवान शिव और गणगौर को माता पार्वती का प्रतीक माना जाता है ईसर जगह की गणगौर है फेमस राजस्थान के विभिन्न जिलों में गणगौर का त्योहार अलग-अलग विधि-विधान के अनुसार मनाया जाता है. इनमें जयपुर की गणगौर सबसे प्रसिद्ध है, यहां शाही सवारी की शुरुआत राजपरिवार की ओर से की जाती है, इसके अलावा, बीकानेर और उदयपुर की शाही गणगौर भी अपनी भव्यता और परंपराओं के लिए जानी जाती है।

**गणगौर की पूजन विधि और परंपरा**- गणगौर की पूजन विधि के अनुसार, पहले दिन महिलाएं मिट्टी से ईसर और गणगौर की प्रतिमा बनाकर बैंड-बाजे और गीत गाते हुए उनकी स्थापना करती हैं। राजस्थानी मान्यताओं के अनुसार, महिलाएं 18 दिनों तक रोजाना नदी या तालाब से नई घास लाकर मिट्टी से बनी प्रतिमाओं का जल अभिषेक करती हैं। इन 18 दिनों तक लगातार ईसर और गणगौर की पूजा-अर्चना की जाती है. 18वें दिन, विधि-विधान के साथ गणगौर की शाही सवारी निकाली जाती है, और सूर्यास्त के समय मिट्टी से बनी प्रतिमाओं को नदिय या तालाब में विसर्जित किया जाता है उक्त पूरा आयोजन सूरजपुर स्वर्गीय शांति जैन, संजय जैन एवं अनंजय जैन के निवास पर राजस्थानी महिलाओं ने धूमधाम से यह पर्व मनाया। उक्त आयोजन को सफल बनाने में

सीरिया भूरा, सुशीला चोपड़ा, कमला जैन, कुसुम जैन, धनलक्ष्मी जैन,शांता जैन, रेखा जैन, प्रियंका जैन, सविता डागा , पायल जैन, लता चोपड़ा, रिंकू डागा, रितु जैन, मेघा जैन, नीतू जैन, संगीता जैन, ज्योति जैन, शोभा जैन, रेखा डागा, सोनम जैन, अंकिता जैन , आकांक्षा जैन, प्राची अग्रवाल, वंशिका जैन आदि का महत्वपूर्ण योगदान था।

# बालको ने सुरक्षा जागरूकता पहल के साथ मनाया राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह

**कोरबा-बालकोनगर(विश्व परिवार)।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने कर्मचारियों, व्यावसायिक साझेदार और समुदाय के साथ 54वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाया। सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस वर्ष की थीम 'विकसित भारत के लिए सुरक्षा और कल्याण महत्वपूर्ण' के तहत बालको ने सभी स्तरों पर सुरक्षा व्यवहार को सुदृढ़ करने के लिए सुरक्षा रैली, सुरक्षा सत्र, सेफ्टी मैराथन और नुक्कड़ नाटक सहित सप्ताहिक जागरूकता अभियान चलाया। कर्मचारियों एवं व्यावसायिक साझेदार की भलाई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए कंपनी ने ड्राइवरों और ऑपरेटरों के लिए स्वास्थ्य और नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। इसके साथ ही विभिन्न चिकित्सा जांच भी सुनिश्चित किया गया। श्रीमती दिशा शुक्ला, फैक्ट्री इंस्पेक्टर, कोरबा ने कंपनी के एक विशेष संवादात्मक सत्र हिस्सा लिया। उन्होंने बालको लेडिज क्लब को अग्नि सुरक्षा, जोखिम जागरूकता और आपातकालीन तैयारियों पर जीवन रक्षक प्रशिक्षण प्रदान किए। इसके साथ ही कंपनी ने ऑडिटिंग के माध्यम से अपने संयंत्र के भीतर सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा क्षेत्र की पहचान कर सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा दिया। विभिन्न प्रतियोगिता जिसमें कर्मचारियों के लिए 'कौन बनेगा सेफ्टी चैंपियन' क्विज तथा स्कूल के बच्चो को शामिल करते हुए 'स्लोगन' और 'ड्राइंग' का आयोजन कर जागरूकता को बढ़ाया। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि बालको में सुरक्षा प्रोटोकॉल से आगे बढ़कर, एक मौलिक मूल्य है जो हमारी प्रचालन उत्कृष्टता को परिभाषित करता है। 'शून्य हानि' का हमारा दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करता है कि सुरक्षा और कल्याण हमारे कार्यस्थल और समुदाय के मूल की हिस्सा हो। निरंतर प्रयासों और सुरक्षा नवाचार के माध्यम से हमारा लक्ष्य एक ऐसी संस्कृति को विकसित करना है जहां 'सुरक्षा प्रथम' सब के डीएनए की प्रकृति बन जाए।

# मधेश्वर महादेव शिवमहापुरण कथा मयाली में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ को दी जा रही उत्तम सुविधा

**जशपुरनगर(विश्व परिवार)।** जिला प्रशासन और स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता दीदियों और शहरी क्षेत्रों के नगर पालिका निगम के स्वच्छता मित्रों के द्वारा शिव धाम की प्रतिदिन साफ सफाई की जा रही है। कुनकुरी विकास खंड के मयाली में सबसे बड़े प्राकृतिक शिवलिंग मधेश्वर पहाड़ के पास महाशिवपुराण कथा का पंडित श्री प्रदीप मिश्रा (सिहोर वाले) के द्वारा वाचन किया जा रहा है। सुविख्यात शिवमहापुराण कथा में शिव के चरित्र, महिमा का कथा श्रवण करने एवं धर्म आध्यात्म की बहती कटिबंध के अनवरत धारा में श्रद्धा की डूबकी लगाने श्रद्धालुओं की अपार भीड़ के सुविधा एवं कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु कटिबंध मधेश्वर महादेव शिवमहापुरण कथा समिति मयाली एवं जिला प्रशासन जशपुर द्वारा मधेश्वर की छत्रछाया में कथा प्रांगण में श्रद्धालूओं की आवास, भोजन सफाई इत्यादी दैनिक दिनचर्या हेतु बहुत उत्तम सुव्यवस्था की गई है। 21 मार्च 2025 से प्रतिदिन एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के सेवा एवं सुविधा हेतु लगभग 500 अधिकारी-कर्मचारी, 150 से अधिक अस्थायी शौचालय एवं चलित शौचालय के माध्यम से कथा क्षेत्र मधेश्वर अन्य क्षेत्र सड़क तथा प्रांगण की सफाई अनवरत की जा रही है । महिला, पुरूष श्रद्धालूओं हेतु शौचालय एवं स्नान की पृथक-पृथक व्यवस्था की गई है। सम्पूर्ण सफाई क्षेत्र को विभाजित कर कार्य विभाजन करते हुए 24 घंटे सफाई कर्मी की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। सभी शौचालयों के गुणवत्तापूर्ण सफाई करने के लिये क्यू आर कोड़ के माध्यम से फीडबैग भी लिया जा रहा है। इसके साथ ही सम्पूर्ण क्षेत्र की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिये कंट्रोल रूम के माध्यम से सतत निगरानी की जा रही है। इस सभी सुव्यवस्था से श्रद्धालुओं के मन में अपार हर्ष एवं व्यवस्था को लेकर संतुष्टि का भाव है।

# एनएच 130 के पुल पर बने बड़े बड़े गड्ढे, अनहोनी की आशंका

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले अंतर्गत नेशनल हाइवे 130 कटघोरा से अंबिकापुर मार्ग पीडब्ल्यूडी एनएचएआई (नेशनल हाइवे लोक निर्माण विभाग) के अधीन है वहीं गुरसिया पुल पर जानलेवा गड्ढे होने की सूचना समाचार के माध्यम से प्रशासन की दी गई जहा जिला प्रसासन व पोड़ी उपरोड़ा एसडीएम नें नेशनल हाइवे विभाग को निर्देश जारी किया उक्त स्थान पर समस्या का निराकरण की जाये लेकिन सुचना के बावजूद नेशनल हाइवे विभाग के अधिकारी गड्ढे भरने को ध्यान नहीं दे रहे जहाँ आये दिन दुर्घटना हो रही है। नेशनल हाइवे 130 पर चोटिया टोल प्लाजा संचालित है जहाँ बाइक को छोडकर बाकी प्रति वाहनों से हर माह लाखो रूपये टेक्स लिए जा रहे, लेकिन अमजनों को उक्त टेक्स से सुविधा नहीं दी जा रहि यह भी भर्रासाही व मनमानी देखि जा सकती है, जबकि नजदीकी टोल प्लाजा के प्रबंधको की जिम्मेदारी है की अपने क्षेत्र की देख रेख को ध्यान मे रखे वही इस तरह की अनदेखी से लोग अपनी जान भी गवा रहे हैं। पुल पर बड़े-बड़े गड्ढे बनने से हादसों का खतरा बढ़ता जा रहा है। कई बार इस पुल से गुजरने वाले वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं, लेकिन प्रशासन और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, स्थानीय लोगों ने बताया गुरसिया पुल पर बने गड्ढों के कारण कई वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा रहे हैं। खासकर छोटे वाहन, बाइक इस मार्ग पर चलते समय हादसों का शिकार हो रहे हैं।

# निगम मंडलों में नियुक्तिः पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर की चिट्ठी ने राज्य भाजपा सियासी में मचाई खलबली

**कोरबा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर की एक चिट्ठी ने उस वक्त राज्य भाजपा में सियासी खलबली मचा दी है, जब निगम मंडलों में नियुक्ति होना है। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा पुराने ही निगम-मंडल के अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति न करने व नये लोगों को पद पर नियुक्त करने की मांग प्रधानमंत्री से रखी है। जिस तरह से केंद्र की सरकार,खासकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ननकीराम कंवर की बातों व सुझावों को तवज्जो दी जाती है, उसने निगम-मण्डल के पदों के लिये कतार में लगे नेताओं की चिंता बढ़ा दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सीधे ननकीराम कंवर ने कहा है कि सन् 2003 से 2018 तक प्रदेश में भाजपा की सरकार रही। उस समय विभिन्न निगम-मंडलों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष व अन्य पदों पर कई लोगों की नियुक्तियां की गई। कई ऐसे निगम के मंडल अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं अन्य सदस्य रहे जिनके कार्यकलाप से भाजपा सरकार को काफी नुकसान का सामना करना पड़ा है जिसका कुछ अंश 2018 में हमारी सरकार नहीं आई, इसका भी प्रभाव माना जा सकता है। श्री कंवर ने कहा है कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार के समय जिन कर्मचारी-अधिकारियों के द्वारा भाजपा के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को झूठे मामले में फंसाना व उन्हे अन्य तरीके से प्रताड़ित किया गया था, उन्ही कर्मचारी-अधिकारियों को हमारी पार्टी के कुछ दलाल प्रकृति के लोग उनके विरुद्ध हो रही शिकायत पर कार्यवाही पर रोक लगाने का प्रयास, इसके साथ ही उन्हे मनचाही जगहो पर पदस्थ कराने के प्रयास में हैं। ऐसे लोगों को चिन्हित कर इन्हें पार्टी के मुख्य पदों से दूर रखना उचित होगा। इसके साथ ही पार्टी के लिए काफी लंबे समय से कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को निगम मंडल के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं अन्य पदों पर नियुक्ति करना उचित होगा। पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं जो कि काफी समय से पार्टी के लिए लगातार ईमानदारी पूर्वक काम करते आये हैं और जिन्हे आज तक किसी भी निगम, मंडल के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष एवं सदस्य के रूप में कार्य करने का मौका नहीं मिल पाया है, उन्हें पार्टी के शीर्ष नेताओं के द्वारा मेरे इस सुझाव पर विचार कर नये लोगों को मौका दिया जाना चाहिये क्योंकि पूर्व में 2003 से 2018 तक हमारी सरकार थी, उस वक्त निगम मंडल में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य के गलत कार्यों के कारण 2018 में हमारी सरकार नहीं आई।

# प्रेरण महिला मंडल ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

## स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी देने के साथ महिलाओं को किया सम्मान



**कोरबा(विश्व परिवार)।** प्रेरणा महिला समिति केंद्रीय उत्खनन कर्मशाला गेवरा ने शक्तिनगर स्थित सामुदायिक भवन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में प्रेरणा महिला समिति द्वारा स्वास्थ्य से जुड़ी अहम जानकारी देने के साथ 67 महिलाओं का सम्मान किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती प्रमिला शर्मा द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि की आसंदी पर ग्राम पंचायत दुरैना की सरपंच श्रीमती सुभद्रा कंवर आमंत्रित थी। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपसरपंच श्रीमती कुर्रे व नेहरू शताब्दी गेवरा की वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रद्धा शील उपस्थित थीं। समारोह का शुभारंभ महिला समिति की अध्यक्षा, मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, महाप्रबंधक, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक के.ऊ.कर्मशाला गेवरा द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा में घृत दीप प्रज्वलित करते हुए किया गया। इस अवसर पर कर्मशाला के महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक द्वारा उपस्थित महिला कर्मचारियों को सारगर्भित उद्बोधन दिया गया। तत्पश्चात अपने अध्यक्षीय उद्बोधन से प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्षा ने उपस्थित सभी महिला कर्मचारियों को नारी शक्ति एवं नारी शशक्तिकरण पर अपना विचार प्रस्तुत करते हुए मंत्रमुग्ध व भाव विभोर कर दिया, साथ ही साथ मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों एवं समिति की अन्य सदस्याओं द्वारा भी नारी शक्ति पर अपना अपना विचार प्रस्तुत किए गए। इसी कड़ी में डॉ. श्रद्धा शील द्वारा महिलाओं में होने वाले संक्रमण, गर्भधारण के दौरान अपनाए जाने वाली सावधानियां और सामान्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं एवं उनके उपचार के विषय में विस्तृत और बहुमूल्य जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्षा के साथ साथ अन्य सदस्याएं श्रीमती अंजू सिंह, श्रीमती सोमा बाला , श्रीमती रमा चक्रवर्ती, श्रीमती हरिता कोसले, श्रीमती अंजना पराशर, श्रीमती चांदनी मूर्ति, श्रीमती इतिश्री बढ़ई उपस्थित थीं। समारोह में विभिन्न प्रकार के खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ज्ञान प्रश्नोत्तरी एवं अन्य आकर्षक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

# संक्षिप्त समाचार

## राज्यपाल रमेन डेका द्वारा दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन राशि एवं सहायक उपकरण किया गया प्रदाय




**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)**-आज अपने सूरजपुर प्रवास के दौरान राज्यपाल श्री रमेन डेका द्वारा विभिन्न शासकीय योजना के तहत हितग्राहियों को प्रोत्साहन राशि का चेक एवं सामग्री प्रदाय किया गया। उनके द्वारा ग्राम पंचायत करवां के श्री जुगेश्वर बड़ा व श्रीमती रूतबाई तिग्गा को राज्यपाल श्री रमेन डेका के द्वारा दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन राशि 01 लाख रूपये व सुगम्य केन प्रदान किया गया। इसके अलावा ग्राम पंचायत रघुनाथपुर के दिव्यांग श्री शोभित राम रजक को मोटराईज्ड ट्रायसायकल प्रदान किया गया। दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन राशि व सहायक उपकरण प्राप्त करने के पश्चात् आवेदकों द्वारा खुशी जाहिर करते हुए राज्यपाल एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया।

## कलेक्ट्रेट परिसर में राज्यपाल को दिया गया गार्ड ऑफऑनर, राज्यपाल ने 'एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत बरगद के पौधा किया रोपित



**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार)**- राज्यपाल श्री रमेन डेका के एक दिवसीय प्रवास पर आज कलेक्ट्रेट परिसर में उनके आगमन पश्चात उन्हें गार्ड ऑफऑनर दिया गया। इसके पश्चात उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम अभियान' के तहत कलेक्ट्रेट परिसर में बन रहे नये गार्डन में बरगद के पौधे का रोपण किया।

## राज्यपाल रमेन डेका से रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष बाबूलाल गोयल, विधायक भूलन सिंह मरावी सदस्य ओमकार पांडेव ने की मुलाकात



**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार)**- आज सूरजपुर प्रवास के दौरान राज्यपाल श्री रमेन डेका से रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष और सदस्यों ने मुलाकात की। रेडक्रॉस सोसायटी के जिला शाखा के गतिविधियों के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए उन्होंने जिले में इसकी सदस्यता बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके अलावा टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में रेडक्रॉस को सहयोग करने व टीबी उन्मूलन कार्यक्रम गतिविधि को तीव्र करने की बात कही । साथ ही उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष और सदस्यों को जिले में स्वास्थ्य सेवा बढ़ाने में बेहतर से बेहतर कार्य करने की बात कही ।

## ओपन हाई स्कूल सर्टिफिकेट की परीक्षा शांतिपूर्ण हुई संचालित

**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार)** -छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल सर्टिफिकेट ओपन परीक्षा मार्च-अप्रैल 2025 कक्षा 10वीं की परीक्षा जिले के निर्धारित 09 परीक्षा केन्द्रों में आज विषय- हिन्दी से शुरूआत हुई जो 17 अप्रैल तक चलेगी। आज के परीक्षा में कुल दर्ज परीक्षार्थियों की संख्या-1075 में से 1006 उपस्थित एवं 69 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

श्रीमती भारती वर्मा जिला शिक्षा अधिकारी के सफल मार्गदर्शन में जिले के समस्त परीक्षा केन्द्रो में परीक्षा सुव्यवस्थित, शांतिपूर्ण संचालित हुई एवं किसी भी परीक्षा केन्द्र में कोई नकल प्रकरण दर्ज नही किया गया है।

दैनिक
# विश्व परिवार

विचार-पक्ष

रायपुर शुक्रवार 28 मार्च 2025

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com



## संपादकीय

## खालिस्तानी गतिविधियों पर अंकुश लगाएं.........

यह संयोग मात्र है कि भारत ने न्यूजीलैंड और अमेरिका, दोनों से साफ तौर पर कहा कि वे अपने देश में भारत विरोधी विशेषकर खालिस्तानी आतंकी समूहों पर लगाम लगाएं। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन और अमेरिकी खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड भारत की यात्रा पर हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यूजीलैंड के अपने समकक्ष क्रिस्टोफर लक्सन से मुलाकात के बाद उनके देश में चलाए जा रही भारत विरोधी गतिविधियों से अवगत कराया। दूसरी ओर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिकी खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड के साथ बातचीत के दौरान अमेरिका में सक्रिया खालिस्तानी संगठन सिख फॉर जस्टिस' (एसएफजे) की भारत विरोधी गतिविधियों का मुद्दा उठाया। लोगों को याद होगा कि इन दिनें अमेरिका में हिन्दू मंदिरों पर लगातार हमले हुए हैं जिनमें एसएफजे का हाथ बताया जा रहा है। रक्षा मंत्री ने हिन्दू मंदिरों को निशाना बनाए जाने पर अपनी चिंता व्यक्त की और एसएफजे को आतंकी संगठन घोषित करने की मांग की। अभी पिछले सप्ताह पंजाब के अमृतसर में ठाकुरद्वारा मंदिर पर ग्रेनेड से हमला किया गया था। पंजाब में नवम्बर, 2023 से अब तक यह 13वीं आतंकी घटना है। कुछ शरारती तत्व यहां अलगाववाद और उग्रवाद को फिर से जीवित करने के लिए ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। जाहिर है कि ऐसी घटनाओं से सामाजिक ताना-बाना को खतरा पैदा हो सकता है। इस पूरे प्रकरण में सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि विदेशी ताकतें इन उग्रवादी समूहों को लॉजिस्टिक मदद मुहैया कराती हैं। कनाडा, अमेरिका और ब्रिटेन में सिख फॉर जस्टिस काफी सक्रिय है। पंजाब में हाल के दिनों में जो आतंकी घटनाएं हुई हैं, उनकी जांच के बाद जो तथ्य सामने आए हैं, उनके आधार पर पुलिस ने दावा किया है कि इनका संबंधी प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स और बब्बर खालसा से है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तुलसी गबार्ड को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई और बब्बर खालसा के साथ सिख फॉर जस्टिस के कनेक्शन की भी जानकारी दी। सबसे अच्छी बात यह है कि पंजाब की छुट-पुट आतंकी घटनाओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बड़े परिप्रेक्ष्य में देखा और गंभीरता से लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दोनों देशों से स्पष्ट कहा है कि अपने यहां खालिस्तानी' गतिविधियों पर अंकुश लगाएं।

# मुस्लिम आरक्षण का मोह नहीं छोड़ पा रही है कांग्रेस

- योगेन्द्र योगी



कांग्रेस ने कर्नाटक में मुसलमानों को 4 प्रतिशत आरक्षण देकर फिर से विवाद खड़ा कर दिया। ऐसा नहीं है कि कांग्रेस वाकई मुसलमानों का भला चाहती हो, यदि ऐसा ही होता तो मुस्लिम आबादी का बड़ा तबका आज देश के विकास में आगे होता। कांग्रेस ने शायद ठान ली है कि चाहे कुछ भी कीमत क्यों न चुकानी पड़े पर वोट बैंक के लिए मुसलमानों से प्रेम कम नहीं होने वाला। ऐसे ही कारणों से कांग्रेस न सिर्फ केंद्र की सत्ता से बल्कि ज्यादातर राज्यों में भी सत्ता से बाहर है। दूसरे शब्दों में कहें तो कांग्रेस के कथित मुस्लिम प्रेम ने भारतीय जनता पार्टी का सत्ता का रास्ता आसान कर दिया। कांग्रेस की इस नीति ने खुद को तो दरबदर कर ही दिया, इससे देश के मुसलमानों को नुकसान पहुंचाया।

कांग्रेस ने कर्नाटक में मुसलमानों को 4 प्रतिशत आरक्षण देकर फिर से विवाद खड़ा कर दिया। ऐसा नहीं है कि कांग्रेस वाकई मुसलमानों का भला चाहती हो, यदि ऐसा ही होता तो मुस्लिम आबादी का बड़ा तबका आज देश के विकास में आगे होता। कांग्रेस ने शायद ठान ली है कि चाहे कुछ भी कीमत क्यों न चुकानी पड़े पर वोट बैंक के लिए मुसलमानों से प्रेम कम नहीं होने वाला। ऐसे ही कारणों से कांग्रेस न सिर्फ केंद्र की सत्ता से बल्कि ज्यादातर राज्यों में भी सत्ता से बाहर है। दूसरे शब्दों में कहें तो कांग्रेस के कथित मुस्लिम प्रेम ने भारतीय जनता पार्टी का सत्ता का रास्ता आसान कर दिया। कांग्रेस की इस नीति ने खुद को तो दरबदर कर ही दिया, इससे देश के मुसलमानों को नुकसान पहुंचाया। मुसलमानों को बेवजह देश के प्रति वफादारी जाहिर करने पर मजबूर होना पड़ा। भाजपा ने कांग्रेस के जरिए मुसलमानों को भी घेरने में कसर बाकी नहीं रखी। ऐसे में बेवजह राजनीति में घसीटे गए मुसलमानों की मुश्किलें बढ़ गई। मुसलमान कांग्रेस के दिखावटी वोट प्रेम का विरोध नहीं कर सके और भाजपा के निशाने पर आ गए। कांग्रेस ने कर्नाटक में मुसलमानों को 4 प्रतिशत आरक्षण देकर फिर से विवाद खड़ा कर दिया। ऐसा नहीं है कि कांग्रेस वाकई मुसलमानों का भला चाहती हो, यदि ऐसा ही होता तो मुस्लिम आबादी का बड़ा तबका आज देश के विकास में आगे होता। जबकि लंबे वक्त तक देश में कांग्रेस का शासन रहा है। कर्नाटक सरकार ने सरकारी टेंडर में अब टेंडर भरने वाले मुसलमानों को 4 प्रतिशत आरक्षण दे दिया। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कैबिनेट मीटिंग इस प्रस्ताव को मंजूर भी कर लिया। इससे एक करोड़ रुपये तक की निविदाओं में मुस्लिम ठेकेदारों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण का रास्ता साफ हो गया। कांग्रेस के इस फैसले से राजनीतिक तूफान खड़ा हो गया। कर्नाटक सरकार के इस निर्णय ने भाजपा को कांग्रेस और मुसलमानों के खिलाफ फिर से नया हथियार थमा दिया। भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कर्नाटक सरकार द्वारा मुसलमानों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव राहुल गांधी के पूर्ण संरक्षण में पारित किया गया है। हम यह पूरी जिम्मेदारी के साथ कह रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता पर निशाना साधते हुए प्रसाद ने कहा कि कर्नाटक सरकार का कदम राहुल गांधी की मानसिकता को दर्शाता है। ऐसा नहीं है कि कर्नाटक के जरिए देशभर के मुसलमानों के प्रति मोहब्बत दर्शाने का कांग्रेस का यह पहला मौका है, इससे पहले भी कर्नाटक में मुस्लिमों के आरक्षण को लेकर विवाद रहा है। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने आरक्षण का लाभ देने के लिए मुसलमानों को पिछड़ा वर्ग की लिस्ट में शामिल किया था। सरकार ने मुसलमानों को ओबीसी लिस्ट में जगह दी। हालांकि, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने सरकार के इस फैसले की आलोचना की थी। आयोग ने कहा था कि इस फैसले ने सामाजिक न्याय के सिद्धांत को कमजोर कर दिया है। साल 2011 की जनगणना के मुताबिक, कर्नाटक राज्य में मुस्लिम की जनसंख्या 12.32 फीसदी है और उसे राज्य में अल्पसंख्यक समुदाय का दर्जा हासिल है। मध्य प्रदेश की चुनावी रैली के दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस को ओबीसी समुदाय का सबसे बड़ा दुश्मन करार देते हुए कहा था कि एक बार फिर कांग्रेस ने पिछले दरवाजे से ओबीसी के साथ सभी मुस्लिम जातियों को शामिल करके कर्नाटक में धार्मिक आधार पर आरक्षण दिया है। विवाद बढ़ा तो कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि यह दावा करना कि कांग्रेस ने पिछड़े वर्गों से मुसलमानों को आरक्षण ट्रांसफर कर दिया, एक सरासर झूठ है। उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा अभी भी मुसलमानों के लिए कोटा के अपने समर्थन पर कायम हैं या नरेंद्र मोदी के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। गौरतलब है कि यह आरक्षण पहली बार 1995 में एचडी देवेगौड़ा की जनता दल ने कर्नाटक में लागू किया था। दिलचस्प बात यह है कि देवगौड़ा की जद (एस) अब बीजेपी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सहयोगी है। कर्नाटक सरकार के 14 फरवरी, 1995 के एक आदेश में जिक्र किया गया जिसमें बताया गया कि यह निर्णय चिन्नप्पा रेड्डी आयोग की रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है और आरक्षण को 50 प्रतिशत तक सीमित करने के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पालन करता है। कांग्रेस ही नहीं किसी न किसी बहाने मुस्लिम वोट बैंक पर गैरभाजपा दलों की भी खीचतान रही है। विपक्षी दलों का प्रयास रहा है कि किसी भी तरह यह अल्पसंख्यक वोट बैंक छिटकना नहीं चाहिए, यही वजह है कि साफ तौर पर धर्म के आधार पर आरक्षण को राजनीति का मोहरा बनाया गया। केरल में ओबीसी को 30 प्रतिशत आरक्षण मिलता है, जिसमें मुस्लिम समुदाय को नौकरियों में 8 प्रतिशत और उच्च शिक्षा में 10 प्रतिशत कोटा प्रदान किया गया। तमिलनाडु में पिछड़े वर्ग के मुसलमानों को 3.5 प्रतिशत आरक्षण मिलता है, जिसमें मुस्लिम समुदाय की 95 प्रतिशत जातियां शामिल हैं। इसी तरह बिहार में ओबीसी को 32 प्रतिशत आरक्षण मिलता है, जिसमें मुस्लिम समुदाय को 4 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया है। आंध्र प्रदेश में मुस्लिम समुदाय को आरक्षण देने की कोशिश की गई थी, लेकिन कोर्ट ने इसे रद्द कर दिया। मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। पश्चिम बंगाल में कुछ मुस्लिम जातियों को शामिल किया गया लेकिन अलग से कोटा नहीं दिया गया। उत्तर प्रदेश में भी 2005 में मायावती सरकार ने 18 प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण का प्रस्ताव रखा, लेकिन कोर्ट ने रोक दिया। सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन के कारण आरक्षण का प्रावधान कानूनी है। इसकी भी सीमा है। सुप्रीम कोर्ट ने 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण के मामलों को खारिज किया है। इसके बावजूद राजनीतिक दलों का आरक्षण के प्रति लोभ संवरण कम नहीं हुआ। ऐसा नहीं है कि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दल आरक्षण के जरिए वाकई मुसलमानों का भला चाहते हों, दरअसल इनकी नीयत में खोट है। यह खोट वोट बटोरने का है। क्षेत्रीय दलों का राजनीतिक दायरा एक या दो राज्यों से अधिक नहीं है, किन्तु कांग्रेस का नेटवर्क देशभर में है। ऐसे में मुस्लिमों के मुद्दों को लेकर कांग्रेस को सर्वाधिक राजनीतिक कीमत चुकानी पड़ी है।

## आलेख

## विश्व को नया आकार देने वाले भू-राजनीतिक रुझानों से निपटना

अमिताभ कांत

ट्रम्प प्रशासन अपने दूसरे कार्यकाल में टैरिफ और 'अमेरिका को फिर से महान बनाने' की नीतियों पर दोगुना जोर दे रहा है। ट्रम्प प्रशासन अतीत के गठबंधनों को फिर से परिभाषित और पुनर्लेखन करने का काम भी कर रहा हैजिसकी गूंज यूरोप और एशिया में उनके सहयोगियों द्वारा महसूस की जा रही है। इन कदमों का उद्देश्य व्यापार संतुलन में सुधार और सार्वजनिक व्यय को कम करके अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। अमेरिका ने पेरिस समझौते वविश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से खुद को अलग कर लिया है। अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) से भी वह पहले ही अलग हो चुका है। ये कदम वैश्विक भू-राजनीतिक व्यवस्था में एक शून्य पैदा कर रहे हैं। यह शून्य लंबे समय तक नहीं रहेगा-इसे प्रतिस्पर्धी शक्तियों द्वारा भरा जाएगा। अमेरिका सबसे शक्तिशाली बना हुआ है औरहम एक बार फिर एक बहुध्रुवीय दुनिया का उदय देख रहे हैं। विखंडित वैश्वीकरण, तकनीकी वर्चस्व की लड़ाई, ऊर्जा की भू-राजनीति और ढहता वैश्विक शासन विश्व को नया आकार देने वाले प्रमुख भू-राजनीतिक रुझान हैं जिनसे भारत को निपटना होगा। जैसा कि हम जानते हैं, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के युग में हमने जो वैश्वीकरण का युग देखा था, वह समाप्त होने वाला है। वैश्विक वित्तीय संकट के बाद से, हमने वैश्वीकरण का विखंडन देखा है। व्यापार युद्धों ने इस विखंडन को और तेज़ कर दिया है। कोविड-19 महामारी ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में भारी व्यवधान पैदा कियाऔर इसके फलस्वरूप देशों और व्यवसायों को वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाएं बनाने के लिए प्रेरित किया। ट्रम्प प्रशासन द्वारा फिर से टैरिफ़ लगाने के साथ, व्यापार युद्धों का दूसरा युग हमारे सामने है। चाहे पारस्परिक हो या सभी टैरिफ़, व्यापार युद्ध विश्व व्यापार को बहुत ज़्यादा बाधित करेंगे। व्यापार युद्ध अब सिर्फ़ बिक्री की वस?तुओं के बारे में नहीं रह गए हैं। वे प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और औद्योगिक नीति जैसे कारकों को प्रभावित करते हैं। देश ऊर्जा और राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिक उद्योगों में संरक्षणवाद और क्षमताओं का निर्माण करने का सहारा ले रहे हैं। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के अधर में लटके होने के साथ, देश द्विपक्षीय या बहुपक्षीय व्यापार समझौतों की ओर तेज़ी से बढ़ रहे हैं। फ्रेंड-शोरिंग का उदय और वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाएं बनाने का लक्ष्य भारत के लिए अवसर प्रस्तुत करता है। हम सही नीतियों, रणनीतिक द्विपक्षीय व्यापार सौदों और व्यापार सुगमता पर ध्यान केंद्रित करके विनिर्माण के क्षेत्र में निवेश को आकर्षित कर सकते हैं। प्रथम औद्योगिक क्रांति से लेकर चौथी तक वैश्विक शक्ति गतिशीलता को आकार देने में प्रौद्योगिकी प्रमुख प्रेरक शक्ति रही है। आज के युग में, सेमीकंडेक?टर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और उभरती हुई प्रौद्योगिकियां प्रमुख प्रेरक शक्ति हैं। राष्ट तकनीकी संप्रभुता सुनिश्चित करने के लिए चिप निर्माण में अरबों रुपए डाल रहे हैं। एआईमें देशों और कंपनियों से समान रूप से बड़े पैमाने पर निवेश हो रहा है। साथ ही, साइबर युद्ध और एआईद्वारा उत्पन्न जोखिमों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। साइबर युद्ध पूरे ऊर्जा ग्रिड को बाधित कर सकता है या भुगतान और बैंकिंग प्रणालियों को प्रभावित कर सकता है। एआईद्वारा संचालित भ्रामक सूचना चुनावों को बाधित कर सकते हैं और सामाजिक कलह को जन्म दे सकते हैं। एआईको दुनिया भर के समुदायों द्वारा आकार दिया जाना चाहिए, स्वामित्व में लिया जाना चाहिए और तैनात किया जाना चाहिए। हमें कुशलता से नवाचार करना चाहिए, कम से कम में अधिक करना चाहिए, ओपन सोर्स और सरल इंजीनियरिंग को बढ़ावा देना चाहिए और बहुभाषी और मल्टीमॉडल मॉडल बनाना चाहिए। वैश्विक समुदाय को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रौद्योगिकी, नुकसान को सीमित करते हुए समावेशी हो। भारत मॉडल, जिसमें प्रौद्योगिकी का उपयोग विभाजन को बढ़ाने के बजाय उसे पाटने के लिए किया जाता है, दुनिया के लिए एक आदर्श हो सकता है। स्वच्छ ऊर्जा की ओर बदलाव शक्ति गतिशीलता को फिर से परिभाषित कर रहा है। महत्वपूर्ण खनिजों (लिथियम, कोबाल्ट, दुर्लभ मृदा तत्वों) से समृद्ध राष्ट या इन महत्वपूर्ण खनिजों के प्रसंस्करण को नियंत्रित करने वाले देश अधिक प्रभावशाली बन रहे हैं।

# रचनात्मकता की नई परिकल्पना: भारत का वेव्स शिखर सम्मेलन किस प्रकार वैश्विक मनोरंजन को नया रूप देगा

चैतन्य प्रसाद

प्रामाणिक कहानियों और रचनात्मक मनोरंजन की भूखी दुनिया में, भारत वैश्विक मीडिया परिदृश्य में क्रांति लाने के लिए पूरी तरह तैयार है। विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) महज मीडिया और मनोरंजन से जुड़ा एक हितधारक भर नहीं है - यह एक ऐसे परिवर्तनकारी दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है जो दुनिया भर में रचनाकारों, नीति-निर्माताओं और दर्शकों के कंटेंट के साथ जुड़ने के तौर-तरीके को नए सिरे से परिभाषित करेगा। आगामी 1-4 मई, 2025 को मुंबई में आयोजित होने वाला वेव्स, संभवत: सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा रचनाकारों के इकोसिस्टम के लिए शुरू की गई एक ऐसी बेहद दूरदर्शी पहल के रूप में उभर कर सामने आया है, जो मनोरंजन के वैश्विक मंचों के लिए एक नया स्वर्णिम मानक स्थापित करेगा।

दशकों से भारत कहानी कहने की कला के क्षेत्र में एक महाशक्ति रहा है और अपनी फिल्मों, संगीत एवं डिजिटल कंटेंट के जरिए दुनिया को मंत्रमुग्ध करता रहा है। फिर भी, अपने विशुद्ध रचनात्मक सृजन के बावजूद, इस देश ने शायद ही कभी वैश्विक मनोरंजन उद्योग में भागीदारी की शर्तों को निर्धारित किया है। वेव्स उस कहानी को बदलना चाहता है। इसका नाता सिर्फ भारतीय रचनात्मकता को प्रदर्शित करने भर से नहीं है ङ्क इसका सरोकार मीडिया, मनोरंजन और प्रौद्योगिकी के इर्द-गिर्द होने वाली वैश्विक बातचीत को आकार देने से है। यदि दावोस आर्थिक नीति का केंद्र है और कान्स सिनेमा का मंदिर है, तो वेव्स का उद्देश्य नवाचार के सृजन और प्रमुख हितधारकों के सहयोग - कलात्मक प्रतिभा के संगम - के जरिए मनोरंजन के भविष्य को परिभाषित करना है। वेव्स का वास्ता सिर्फ बड़े फलक वाली रणनीति से नहीं है ङ्क इसका संबंध रचनाकारों, व्यवसायों और निवेशकों के लिए वास्तविक अवसर उपलब्ध कराने से है। 'भारत पैवेलियन' भारत की कहानी कहने की विरासत का उत्सव मनाएगा। इसमें प्राचीन महाकाव्यों एवं लोककथाओं से लेकर एआई-संचालित कंटेंट और मोहित कर देने वाली डिजिटल कहानी कहने की कला तक के इसके विकास को दर्शाया जाएगा। इसके जरिए भारत द्वारा विश्व को बताया जा रहा है कि: हमारी कहानियां भले ही कालातीत हैं, लेकिन कहानी कहने की हमारी शैली अत्याधुनिक है। वहीं 'वेव्स बाज़ार', जो अपनी तरह का पहला सालोंभर खुला रहने वाला वैश्विक कंटेंट बाजार है, कंटेंट की खरीद, बिक्री और वितरण के तरीके को बदलने के लिए तैयार है। पारंपरिक समारोह-संचालित अधिग्रहण मॉडल से आगे बढ़ते हुए, यह डिजिटल-प्रथम प्लेटफॉर्म निरंतर वैश्विक लेनदेन को संभव बनाएगा। इससे भारत और अन्य देशों के रचनाकारों को हमेशा सक्रिय रहने वाले मुद्रीकरण इकोसिस्टम तक पहुंच हासिल होना यह सुनिश्चित होगा। हाल ही में ड्यून: पार्ट टू द्वारा भारत के महत्वपूर्ण वीएफएक्स योगदान के साथ सर्वश्रेष्ठ दृश्य प्रभाव के लिए 2025 का ऑस्कर जीतने जैसी सफलताओं, जो हमारी रचनात्मक क्षमता का उदाहरण है, को वेव्स वैश्विक मंच पर प्रदर्शित और पोषित करना चाहता है। लेकिन उद्योग जगत की सभी चर्चाओं से परे, जो चीज वेव्स को वास्तव में अलग बनाती है वह है इसका व्यापक दृष्टिकोण। यह एक बार का आयोजन नहीं है - यह भारत को मनोरंजन से जुड़े नवाचार के वैश्विक मुख्यालय के रूप में स्थापित करने की एक दीर्घकालिक रणनीति है। जैसे-जैसे वैश्विक मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग का आकार 2030 तक तीन ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का होने की ओर बढ़ रहा है, भारत एक आउटसोर्सिंग केन्द्र के रूप में नहीं बल्कि मनोरंजन के सृजन और उससे जुड़ी नीतिगत व निवेश के मामले में वैश्विक स्तर पर एक अग्रणी देश के रूप में उभरने की ओर अग्रसर है। इस शिखर सम्मेलन में कंटेंट के सृजन, वित्तपोषण, नीतिगत चर्चा और उभरती प्रौद्योगिकियों के मामले किया जाने वाला समन्वय इसे मनोरंजन के भविष्य का एक लॉन्चपैड बनाता है। शिखर सम्मेलन की महत्वाकांक्षा प्रतिभा को प्रदर्शित करने से आगे बढ़कर वैश्विक मीडिया संवाद के जरिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने तक फैली हुई है। इस कूटनीतिक पहल का उद्देश्य वास्तव में ऐसा वैश्विक इकोसिस्टम बनाना है जो भारत के नेतृत्व में विभिन्न देशों के रचनाकारों और उद्योग के हितधारकों को जोड़े। वैश्विक मीडिया संवाद ऐतिहासिक वेव्स घोषणा 2025 में परिणत होगा ङ्क जो वैश्विक मीडिया एवं मनोरंजन जगत के लिए एक ऐसा दूरदर्शी रोडमैप पेश करेगा जिससे मनोरंजन के एक स्थायी वैश्विक मंच की नींव रखा जाना संभव होगा। यह घोषणा मनोरंजन उद्योग की महत्वपूर्ण प्रवृत्तियों एवं चुनौतियों पर ध्यान देगी और एक ऐसे समावेशी ढांचे का प्रस्ताव करेगी, जो दुनिया भर के रचनाकारों को लाभान्वित करेगी। वेव्स की सबसे महत्वपूर्ण पहलों में से एक है 'वेवएक्सेलरेटर'। यह एक स्टार्टअप इनक्यूबेटर है, जिसे खास तौर पर रचनात्मक उद्यमियों के लिए डिज़ाइन किया गया है। एआई द्वारा सृजित कंटेंट, संवादात्मक मीडिया और वर्चुअल प्रोडक्शन के उदय के साथ, व्यवस्थित मार्गदर्शन (मेंटरशिप)।

# बेहतरी की ओर बढ़ रहे भारत-चीन संबंध

उमेश चतुर्वेदी

अमेरिकी पाडकास्टर को दिए इंटरव्यू में प्रधानमंत्री मोदी ने जो कहा, उसे देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा है, भारत और चीन के बीच संबंध कोई नई बात नहीं है। दोनों देशों की संस्कृतियां और सभ्यताएं प्राचीन हैं। आधुनिक दुनिया में भी, वे एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारत और चीन की ओर से एक-दूसरे के लिए जिस तरह की हाल के दिनों में बयानबाजी हुई है, उससे लगता है कि दोनों देशों के रिश्ते बेहतरी की ओर लगातार आगे बढ़ रहे हैं। इसका हालिया मुलाहिजा तब हुआ, जब भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रिसर्चर एवं पाडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन को दिए करीब तीन घंटे के इंटरव्यू में प्रधानमंत्री मोदी ने चीन की प्रशंसा की की। मोदी पिछले साल अप्रैल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिकी पत्रिका न्यूजवीक को दिए इंटरव्यू में भी चीन को लेकर सकारात्मक संदेश दिए थे। इसके बाद अमेरिकी पॉडकास्टर से की गई बातचीत ने चीन और भारत के रिश्तों को एक तरह से नया आयाम दिया है। अच्छे और बेहतर पड़ोसी होने के नाते चीन का इस पर खुश होना स्वाभाविक था। चीन की ओर से आई प्रतिक्रिया भी जबरदस्त रही। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग का यह कहना कि चीनी ड्रैगन और भारतीय हाथी के सामंजस्यपूर्ण नृत्य की प्रतीक्षा चीन के उत्साह का ही वर्णन करता है। अमेरिकी पाडकास्टर को दिए इंटरव्यू में प्रधानमंत्री मोदी ने जो कहा, उसे देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा है, भारत और चीन के बीच संबंध कोई नई बात नहीं है। दोनों देशों की संस्कृतियां और सभ्यताएं प्राचीन हैं। आधुनिक दुनिया में भी, वे एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि आप ऐतिहासिक अभिलेखों को देखें, तो सदियों से भारत और चीन ने एक-दूसरे से सीखा है। साथ मिलकर, उन्होंने हमेशा किसी न किसी तरह से वैश्विक भलाई में योगदान दिया है। प्रधानमंत्री मोदी की यह टिप्पणी चीन और भारत के रिश्ते बेहतर बनाने की दिशा में पहला कदम नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग की रूसी शहर कजान में पिछले साल की मुलाकात के बाद भारत और चीन के रिश्ते लगातार बेहतरी की ओर बढ़ रहे हैं। हाल ही में चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने भी भारत को लेकर अपनी बेहतर राय जाहिर की थी। जिसका भारतीय विदेश मंत्रालय ने स्वागत किया था। इस कड़ी में भारतीय प्रधानमंत्री मोदी की ताजा टिप्पणी ने एक तरह से भारत-पाकिस्तान के रिश्तों को बेहतरी की



ओर तेजी से बढ़ा दिया है। मोदी ने भारत-चीन के आपसी और गहरे रिश्तों और ऐतिहासिक संबंधों की भी इस पाडकास्ट में चर्चा की। वैसे चीन और भारत के रिश्तों की एक बड़ी और ऐतिहासिक कड़ी महात्मा गौतम बुद्ध हैं। यह ऐसी कड़ी है, जिसकी बुनियाद पर दोनों देशों के रिश्तों को और बेहतर बनाया जा सकता है। भारत-चीन संबंधों को बेहतर बनाने की दिशा में नई दिल्ली यह समझाने की कोशिश करती रही है कि जब तक दोनों देशों के बीच का सीमा विवाद और उससे उपजा तनाव खत्म नहीं हो जाता, तब तक संबंध बेहतर नहीं हो सकते हैं। लेकिन चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने पिछले दिनों जब कहा कि एशिया की दोनों आर्थिक महाशक्तियों को अपने विवाद भुलाकर साथ आना चाहिए, तब से हालात बदलने लगे हैं। वैसे भी जिस तरह ट्रंप लगातार चीन को घेरने की कोशिश कर रहे हैं और आयात पर टैरिफ बढ़ाने की बात कर रहे हैं, उससे चीन ही नहीं भारत को परेशान कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप लगातार चीन और भारत से आयातित होने वाली चीजों पर टैरिफ बढ़ाने की बात कर रहे हैं। इसका निश्चित तौर पर दोनों देशों की आर्थिकी पर असर पड़ सकता है। अगर दोनों देश कम से कम आर्थिक मोर्चे पर साथ आने को तैयार दिखें तो अमेरिका की धमकियां और उसके कदम बेअसर साबित हो सकते हैं। वैसे दोनों देशों के कारोबारी रिश्ते जिस तरह बढ़ते रहे हैं, दोनों के बीच जारी सीमाई तनाव के बावजूद आपसी व्यापारिक संबंध मजबूत बने हुए हैं, वह बेहतर होते रिश्तों की ही कहानी कह रहे हैं। भारतीय प्रधानमंत्री मोदी और चीनी विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया से जाहिर है कि दोनों देशों के बीच सद्भावना की नई इबारत लिखी जा रही है। अगर यह स्थिति और बेहतर होती है ति निश्चित है कि भारत में और अधिक चीनी निवेश का रास्ता खुल सकता है । जिसका फायदा भारत को तो मिलेगा ही, चीन को भी होगा। वैसे शंघाई सहयोग संगठन के साथ ही एशियाई विकास बैंक और ब्रिक्स जैसे संगठनों में नई दिल्ली और बीजिंग साथ-साथ काम कर ही रहे हैं। भारत आतंकवाद का मुकाबला करता रहा है, वह आतंकवाद का विरोधी भी है, लेकिन उसका मुकाबला करने के लिए बहुपक्षवादी वैचारिकी को बढ़ावा देने का वह विरोधी रही है। इस मामले में चीन की भी सोच कमोबेश वैसी ही है। इसलिए माना जा सकता है कि दोनों देश इन तथ्यों के आलोक में अपने रिश्तों को देखने लगे हैं। भारतीय प्रधानमंत्री मोदी और चीनी विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया, इसी सोच का परिणाम नजर आती है। पश्चिमी दुनिया के दिग्गज भी मानते हैं कि दोनों एशियाई दिग्गज देशों चीन और भारत के बीच स्थायी शांति के परिणाम दूरगामी होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रागैतिहासिक अतिशय क्षेत्र नवागढ़ में 29 को मनेगा भगवान अरनाथ का निर्वाण महोत्सव

**ललितपुर ( विश्व परिवार )।** प्रागैतिहासिक अतिशय क्षेत्र नवागढ़ में 29 को मूलनायक भगवान अरनाथ का निर्वाण महोत्सव विभिन्न



धार्मिक आयोजनों के साथ मनाया जाएगा। कमेटी के प्रचारमंत्री डॉ. सुनील संचय ने बताया कि तीर्थंकर भगवान अरनाथ स्वामी के मोक्ष कल्याणक के पावन पर्व पर अतिशय क्षेत्र नवागढ़ में 29 मार्च को ब्रह्मचारी जयकुमार निशांत भैया के निर्देशन में निर्वाण लाडू अर्पित किया जायेगा। सुबह 7 बजे से अभिषेक, शांतिधारा व पूजन होगी उसके बाद निर्वाण लाडू श्रद्धा भक्ति के साथ चढ़ाया जाएगा। महामंत्री वीरचन्द्र जैन ने बताया कि इस पुनीत एवं पावन अवसर पर 40 दिवसीय जाप अनुष्ठान में संलग्न परिवारों को मंत्रित मंगल कलश भी भेंट किए जाएंगे। श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र के निर्देशक बाल ब्रह्मचारी प्रतिष्ठाचार्य जयकुमार निशांत ने बताया कि नवागढ़ अतिशय क्षेत्र विश्व का एकमात्र ऐसा क्षेत्र है जहां मूलनायक के रूप में जैन धर्म के 18वें तीर्थंकर भगवान अरनाथ स्वामी विराजमान हैं। प्रागैतिहासिक अतिशय क्षेत्र नवागढ़ में सातवीं सदी के मंदिर के साथ प्रगटित अतिशयकारी मनोकामना पूर्ण श्री अरनाथ स्वामी के विश्व के एकमात्र अतिशय क्षेत्र में 29 मार्च 2025 शनिवार को भगवान का मोक्ष कल्याणक है, इसी दिन भगवान को प्रतिष्ठा पितामह पंडित गुलाब चंद्र पुष्प ने जमीन से 15 फीट नीचे भौंयरे में खोजा था। प्राचीन जैन इतिहास एवं संस्कृति के लिए विख्यात नवागढ़ में निरंतर अनुसंधान एवं खोज जारी है।अभी भी वहां संरक्षित पुरा संपदा का रासायनिक प्रक्रिया द्वारा संरक्षण एवं डॉक्यूमेंटेशन दिल्ली की टीम के द्वारा किया जा रहा है। यहां पुरापाषाण काल से लेकर 8000 वर्ष प्राचीन शैलचित्र एवं सैकड़ों वर्ष प्राचीन पुरा संपदा संरक्षित हैं। **-सुनील जैन**

### महावीर जन्मकल्याणक पर गौमाता के लिए छप्पनभोग महावीर महाप्रसादी भैरव सोसायटी में दिनभर गायों के झुंड ने भोग लगाया



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणि प्रभ सूरीश्वर जी द्वारा प्रतिष्ठित श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी में भगवान महावीर स्वामी 2624 वाँ जन्मकल्याणक महोत्सव के अंतर्गत मानव सेवा, मूक पशुओं, पक्षियों के लिये जियो और जीने दो पखवाड़ा मनाया जा रहा है। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया ने बताया कि प्रात: 6 बजे से भैरव सोसायटी में छप्पनभोग महावीर महाप्रसादी का आयोजन किया गया।

### शिक्षादान केंद्र में सैकड़ों छात्र हुए लाभान्वित, बच्चों व पालकों ने पीपला का जताया आभार



**आरंग ( विश्व परिवार )।** दानशीलता की नगरी आरंग में अपनी रचनात्मक कार्यों के लिए विख्यात पीपला वेलफेयर फाउंडेशन और गायत्री शक्तिपीठ आरंग के संयुक्त संयोजन में विगत तीन वर्षों से शिक्षादान केंद्र का संचालन किया जा रहा है। जिसके तहत् दसवीं तक के छात्र छात्राओं को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान किया जाता है।फाऊंडेशन के संयोजक महेन्द्र कुमार पटेल ने बताया तीन वर्षों से शिक्षासत्र के शुभारंभ से शिक्षा सत्रांत तक शिक्षा दान केंद्र संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत् इस वर्ष भी जून से मार्च तक नियमित रूप से शिक्षादान केंद्र का संचालन किया गया। जिसमें आरंग सहित ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित होकर गणित, विज्ञान, अंग्रेजी विषयों की नि:शुल्क कोचिंग प्राप्त किया।गत वर्ष शिक्षादान केंद्र में अध्ययन करने वाले छात्र छात्राओं का परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहा। बल्कि यहां अध्ययन करने वाले छात्र अपने विद्यालय में टापर भी रहे।जिसे देखते हुए फाउंडेशन के सदस्यों ने नियमित रूप से शिक्षादान केंद्र संचालित करने का निर्णय लिये हैं। इस वर्ष शिक्षादान केंद्र में इंजीनियरिंग व बीएड के छात्र नीरज साहू और कुमारी साक्षी पटेल ने नियमित रूप से बच्चों को अध्यापन कराया। वहीं शिक्षादान केंद्र के संचालन में फाउंडेशन के अध्यक्ष दूजेराम धीवर, संयोजक महेन्द्र कुमार पटेल, कोषाध्यक्ष कोमल लाखोटी, सचिव अभिमन्यु साहू, सक्रिय सदस्य संजय मेश्राम, सीएल साहू, रमेश देवांगन, नीरज साहू, संतोष साहू, यादेश देवांगन, शिक्षक हरीश दीवान, होरीलाल पटेल, सोनू मोनू पुस्तक भंडार से ब्रजेश अग्रवाल, छत्रधारी सोनकर सहित अन्य सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। वहीं यहां पढ़ने वाले छात्र छात्राओं व पालकों ने पीपला फाउंडेशन का आभार जताया हैं।


### भिलाई निगम सीमा क्षेत्र में पशुवध गृह एवं मांस विक्रय केन्द्र बंद रहेगी

**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ शासन पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग के आदेशानुसार नगर पालिक निगम, भिलाई




सीमा के अन्तर्गत संचालित पशुवध गृह एवं समस्त मांस विक्रय की दुकानें इन दिनों बंद रहेगी। शासन से जारी आदेश के तहत चैतीचांद 30 मार्च दिन रविवार, रामनवमी 6 अप्रेल दिन रविवार, महावीर जयंती 10 अप्रेल दिन गुरूवार को समस्त पशुवध गृह जीव हत्या एवं समस्त मांस बिक्री केन्द्र को बंद रखा जाएगा। उक्त आदेश का कड़ाई से पालन कराने शासन द्वारा आदेश जारी किया गया है। कोई भी विक्रेता उल्लंघन करते हुए पाया गया तो अर्थदण्ड लगाते हुए जप्ती की कार्यवाही जावेगी। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी विक्रेता एवं क्रेता की होगी।

## मन के मालिक बनो गुलाम नहीं, मनवाने की प्रवृत्ति इंसान को दुखी करती है उपरोक्त उदगार मुनि श्री प्रमाण सागर जी



**लालघाटी ( विश्व परिवार )।** मन के मालिक बनो गुलाम नहीं, मनवाने की प्रवृत्ति इंसान को दुखी करती है उपरोक्त उदगार मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने नंदीश्वर जिनालय जैन नगर लालघाटी भोपाल में प्रात:कालीन धर्मसभा में व्यक्त किये।

मुनि श्री ने कहा कि मन का काम है मनमानी करना और हम सभी मन के दास बने हुये है, मन की मानते आ रहे है, इसलिये दु:खी है जितनी चाह उतनी दाह और दाह में राह कंहा ?आचार्य गुरुदेव ने एक हायकू लिखा है मन का काम मन से नहीं मन से काम लो मोक्ष का मुनि श्री ने कहा कि भोग विलासिता, धन बैभव तथा विषयों की यह अंतहीन चाह है, जो पल पल बदलती है, कभी पूर्ण होंने बाली नहीं, एक इच्छा पूर्ण होती है कि दूसरी इच्छा तुरंत अपना स्थान बना लेती है, और इच्छाओं का यह अंतहीन सिलसिला कभी समाप्त होंने बाला नहीं, मुनि श्री ने कहा कि मन का काम है दौड़ना और दौड़ाना यदि आप मन की ही मानते रहोगे तो भटक जाओगे, मन को मनाने का उपाय बताते हुये कहा कि सबसे पहले अपनी आंतरिक चेतना को जगाइये, हिताहित का विवेक और ज्ञान से मन का समाधान संभव है, मुनि श्री ने कहा कि मन चांहे आपका हो या किसी दूसरे का तोड़ना तो कभी नही चाहिये यदि अपने मन को तोड़ा तो आप डिप्रेशन में आ सकते हो और दूसरे का मन तोड़ा तो वह दुखी हो जाऐगा मुनि श्री ने कहा कि न तो कभी किसी से ऐसे शव्द कहो और न किसी के साथ ऐसा व्यवहार करो कि उसका मन टूट जाऐ, क्योंकि यदि व्यक्ति की कमर टूट जाऐ तो वह फिर भी खड़ा हो सकता है, लेकिन मन टूट जाऐ तो उसको खड़ा कर पाना बहूत मुश्किल है किसी का मन तोड़ना भी एक प्रकार की हिंसा है, न अपने मन को तोड़ो न किसी दूसरे के मन को तोड़ो सबके मन को जोड़ो तथा मन को मनाने की कला यदि सभी प्राप्त कर लें तो हमारा जीवन धन्य हो जाऐगा उन्होंने कहा कि भोगों से हटकर मन को प्रभु से जोड़ लो और बस्तु स्वरूप तथा तत्वज्ञान से इस मन को मोड़ा जा सकता है, उन्होंने शास्त्रोक्त घटना सुनाते हुये कहा कि राजग्रही पर्वत पर भगवान महावीर के समवसरण में राजा श्रैणिक पहुंचे और भगवन से एक प्रश्न पूंछा कि अभी अभी हमने एक मुनिराज को क्रोध अवस्था में देखा यदि उनकी यही स्थिति रही तथा आयू समाप्त हो गयी तो क्या होगा ? **-अविनाश जैन**

## देश के हजारों श्रद्धालु रहेंगे उपस्थित, शनि अमावस्या पर पैठण में महामस्तकाभिषेक 29 मार्च को



**छत्रपति संभाजीनगर ( विश्व परिवार )।** श्री. शनिग्रह अरिष्ठ निवारक मुनिसुव्रतनाथ भगवान अतिशय क्षेत्र पैठण में मूलनायक भारतातील जैन धर्मियों के शनि अरिष्ठ निवारक श्रद्धा स्थान मुनिसुव्रतनाथ भगवान में शनि अमावस्या के अवसर पर महामस्तक अभिषेक महोत्सव का 29 मार्च को आयोजन किया गया है।

पूरा कार्यकम अंतर्मना आचार्य प्रसन्नसागरजी महाराज के आर्शीवाद से संपन्न हो रहा है। सुबह 8.00 बजे भगवान मुनिसुव्रतनाथ विधान ष्ट्व के बाद धर्मध्वजारोहन संपन्न होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में तीर्थक्षेत्र कमेटी के महामंत्री संतोष पेंढारी, तीर्थक्षेत्र कमेटी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय पापडीवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीलम अजमेरा, राष्ट्रीय ष्ट्व उपाध्यक्ष मिहिर गांधी, तीर्थभक्त किशोर शहा बारामती, सुनील कोठारी, मनोज जैन हैदराबाद, अशोक जैन दिल्ली, राजेश मांगीलाल पहाडे हैदराबाद, अरुणकुमार गंगवाल राजनांदगांव, दिनेशकुमार सतीश सुनील संतोष सेठी परिवार संभाजीनगर, अनुजकुमार कैलासचंद लोहाडे उपस्थित रहेंगे।

इस अवसर पर उपस्थित रहनेवाले ज़ हजारों श्रद्धालुओं को शोभादेवी सुभाषचंद पाटणी, डॉ. सचिन, सपना दिनेश वैशाली हार्दिक शुभकामना पाटणी परिवार ष्ट्व, मालेगांव वाला की ओर से, महाप्रसाद का आयोजन किया गया . है। इस अवसर पर त्यागी भवन के 1. लिए दान देने वाले डॉ. रमनलाल, व डॉ. निखिल, डॉ. स्वप्निल शिरूर कासार बीड व भरतरावजी।

तीर्थ श्रद्धालु अभिषेक व महाप्रसाद का लाभ लेने का आह्वान अध्यक्ष महावीर बडजाते, महामंत्री विलास पहाडे, कोषाध्यक्ष विजय पापडीवाल, जयकुमार बाकलीवाल, प्रमोद कासलीवाल, मनोज काला, प्रकाश कासलीवाल, कैलास पाटणी, किशोर भाकरे, सुमीत गंगवाल, डॉ. संजय गंगवाल, डॉ. राजेंद्र काला, स्वदेश पांडे, अभिजीत काला संग विश्वस्त मंडल ने किया है। यह जानकारी महामंत्री विलास पहाडे और प्रचार प्रसार संयोजक **नरेंद्र अजमेरा व पीयूष कासलीवाल** ने दी।

## 23 मार्च को दिल्ली से गिरनार जी के लिए प्रारम्भ हुई 1500 किमी की धर्म पदयात्रा को शिवपुरी जैन समाज ने दिया समर्थन

### प्रथम तीर्थंकर श्री आदिनाथ भगवान जी का जन्म एवं तप कल्याणक

**शिवपुरी ( विश्व परिवार )।** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर श्री आदिनाथ भगवान जी के जन्म एवं तप कल्याणक के अवसर पर विश्व जैन संगठन के तत्वाधान में दिल्ली से गुजरात में स्थित 22 वें तीर्थंकर श्री नेमिनाथ भगवान की निर्वाण स्थली श्री गिरनार जी सिद्धक्षेत्र की वंदना करने के लिए एवं देश प्रेम, अहिंसा एवं शाकाहार के प्रचार के लिए 100 दिवसीय धर्म पद यात्रा प्रारम्भ की गयी है। परम पूज्य आचार्य श्री 108 विमर्श सागर जी महाराज सहित 40 से अधिक साधुओं की उपिस्थिति में यात्रा का शुभारंभ चैत्र कृष्ण नवमी 23 मार्च को बलबीर नगर दिल्ली से हो चुका है।



राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ शिवपुरी के प्रवक्ता महेन्द्र जैन भैयन ने बताया कि विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन, उपाध्यक्ष यश जैन, प्रवीण जैन, राष्ट्रीय प्रवक्ता आकाश जैन, देवेश जैन आदि के सानिध्य में यह धर्म पदयात्रा चल रही है जिसमें 1008 फुट का तिरंगा एवं 1008 फुट का पचरंगा जैन ध्वज बनाया गया है जिसे उत्साह पूर्वक हाथों में लेकर विश्व जैन संगठन एवं जैन समाज के साधर्मी जन चल रहे हैं। यह यात्रा दिल्ली से प्रारम्भ होकर, उत्तर प्रदेश के नोयडा, गाजियाबाद, बुलंद शहर, सिकंदराबाद, खुर्जा अलीगढ़, आगरा, टुंडला, फिरोजाबाद, शिकोहाबाद, श्री नेमिनाथ भगवान की जन्म स्थली शौरीपुर, इटावा, झाँसी, ललितपुर, हरियाणा के फरीदाबाद, म प्र के भिंड ग्वालियर, सागर, बीना, विदिशा, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, बड़नगर, गुजरात के अहमदाबाद, राजकोट, आदि अनेक शहरों से होकर 22 वें तीर्थंकर श्री नेमिनाथ भगवान के निर्वाण कल्याणक पर आषाण शुक्ल सप्तमी 2 जुलाई को जूनागढ़ के साथ स्थित श्री गिरनार जी पहुंचकर श्री नेमिनाथ भगवान के निर्वाण स्थल पर लाडू समर्पित करेगी।

राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ के संयोजक हरिओम जैन, सह संयोजक वाय के जैन, सकल जैन समाज महापंचायत के अध्यक्ष दिनेश जैन कल्लू भैया, पुलक चेतना मंच के अध्यक्ष धर्मेंद्र जैन, ऋषभ जैन, ने बताया कि गत दिवस शिवपुरी में आयोजित विशाल धर्म सभा में सकल जैन समाज शिवपुरी, समस्त जैन मंदिर कमेटी, पदाधिकारी एवं समस्त संगठनों ने मिलकर 1500 किलो मीटर लंबी धर्म पदयात्रा का समर्थन करने का निर्णय लिया और समाज के सेकडों साधर्मी जनों ने भी फार्म भरकर धर्म पद यात्रा का समर्थन करने का निर्णय लिया। **-संजय जैन**

## फ्रीडम हेल्दी कुकिंग ऑयल्स ने 'गो फॉर फ्रीडम गोल्ड ऑफर 2025' के बंपर ड्रॉ के विजेताओं को किया सम्मानित

### प्रत्येक राज्य से एक विजेता को मिला 50 ग्राम का गोल्ड कॉइन और दो विजेताओं को मिले 10 ग्राम के गोल्ड कॉइन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** देश के अग्रणी खाद्य तेल ब्रांड फ्रीडम हेल्दी कुकिंग ऑयल्स ने छत्तीसगढ़ के लिए 'गो फॉर फ्रीडम गोल्ड ऑफर' के बंपर ड्रॉ के विजेताओं की घोषणा कर दी है। इस योजना के तहत, एक भाग्यशाली विजेता को 50 ग्राम का गोल्ड कॉइन और दो विजेताओं को 10 ग्राम के गोल्ड कॉइन प्रदान किए गए हैं।

'गो फॉर फ्रीडम गोल्ड ऑफर 2024' को उत्सव के माहौल में उपभोक्ताओं से जुड़ने के उद्देश्य से पेश किया गया था। यह योजना कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में लागू की गई थी। इन राज्यों में 100 उपभोक्ताओं ने रोज़ाना 1 ग्राम सोना जीता और साथ ही बंपर ड्रॉ में भाग लेने का मौका भी मिला। इस ऑफर में भाग लेने के लिए ग्राहकों को फ्रीडम रिफाइंड सनफ्लावर ऑयल के दो 1-लीटर पाउच खरीदने थे। इस योजना को उपभोक्ताओं से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। इस योजना के तहत प्रत्येक राज्य से 1 भाग्यशाली विजेता को 50 ग्राम का गोल्ड कॉइन, जबकि प्रत्येक राज्य से 2 विजेताओं को 10 ग्राम के गोल्ड कॉइन दिए गए। इसके अलावा, कुल 5500 विजेताओं को 1 ग्राम सोने का सिक्का प्रदान किया गया। विजेताओं की सूची www.freedomconsumeroffer.com पर भी प्रकाशित की गई। इस योजना के लिए पाइन लैब्स प्राइवेट लिमिटेड को टेक्नोलॉजी पार्टनर के रूप में शामिल किया गया था। जेमिनी एडिबल्स एंड फैट्स इंडिया लिमिटेड के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट (सेल्स एंड मार्केटिंग) श्री पी. चंद्रशेखर रेड्डी ने कहा, फ्रीडम हेल्दी कुकिंग ऑयल्स हमेशा से अपने उपभोक्ताओं को सिर्फ गुणवत्ता और सुरक्षित उत्पाद देने से आगे बढ़कर, अनूठी प्रचार योजनाओं के माध्यम से भी उन्हें खुशियां देने के लिए प्रयासरत रहा है। 'गो फॉर फ्रीडम गोल्ड ऑफर 2024' के माध्यम से हमने लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास किया। हम सभी भाग्यशाली विजेताओं को बधाई देते हैं और इस योजना को सफल बनाने के लिए सभी ग्राहकों का आभार व्यक्त करते हैं।

## नितिन गडकरी से मिले सांसद बृजमोहन, सड़क निर्माण से जुड़े लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण की मांग



**नई दिल्ली/रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ के विकास और सड़क अवसंरचना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रायपुर समेत पूरे राज्य में सड़क निर्माण और मरम्मत से जुड़े कई महत्वपूर्ण लंबित प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की और इनके शीघ्र निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही की मांग की।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि पूर्व में इन विषयों को लेकर संबंधित मंत्रालय को पत्राचार किया गया था, किंतु अब तक अपेक्षित कार्यवाही नहीं होने के कारण उन्होंने पुन: इन मुद्दों को मंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने आग्रह किया कि इन लंबित विषयों पर प्राथमिकता के आधार पर निर्णय लिया जाए, जिससे आमजन को सुगम यातायात की सुविधा मिल सके।

लंबित मुद्दों पर सांसद ने ध्यान रखा। सांसद बृजमोहन ने जिन लंबित मुद्दों पर नितिन गडकरी से चर्चा की उनमें राष्ट्रीय राजमार्ग-200 (सिमगा-लिमतरा-सरगांव-बिलासपुर) के लिमतरा बाईपास मार्ग में सर्विस रोड निर्माण। रायपुर रिंग रोड-1 (एन.एच. 53) के सर्विस रोड को 5 मीटर से बढ़ाकर 11 मीटर करने हेतु आवश्यक कार्यवाही। राष्ट्रीय राजमार्ग-30 (शदाणी दरबार) एवं एक्सप्रेस हाईवे के जंक्शन पर ग्रेड सेपरेटर निर्माण। भारतमाला प्रोजेक्ट के अंतर्गत रायपुर-विशाखापत्तनम एक्सप्रेसवे पर अभनपुर-राजिम-गरियाबंद राष्ट्रीय राजमार्ग क्रॉसिंग पर इंटरचेंज सुविधा उपलब्ध कराना। रायपुर-दुर्ग एन.एच. 53 मुख्य मार्ग एवं सर्विस रोड का नवीनीकरण। रायपुर रेलवे स्टेशन से राष्ट्रीय राजमार्ग-30 जंक्शन तक निर्मित एक्सप्रेस हाईवे को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (ह्रश्वढ्ढ) को सौंपने की प्रक्रिया। नागपुर-गोंदिया-बिरसी एयरपोर्ट (रावणबाड़ी) के लिए प्रस्तावित समृद्धि एक्सप्रेसवे का विस्तार। राष्ट्रीय राजमार्ग-30 (कमल विहार) के जंक्शन पर ग्रेड सेपरेटर निर्माण। रायपुर-विशाखापत्तनम 4/6 लेन राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण हेतु भू-अर्जन मुआवजा प्रकरण का शीघ्र समाधान मुख्य है।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का आज 'सौगात-ए-मोदी' कार्यक्रम

**कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी करेंगे शिरकत**

### विशिष्ट अतिथि वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राज, विधायक मिश्रा, प्रदेश महामंत्री श्रीवास्तव, मोर्चा सह प्रभारी आरिफ, शहर जिला अध्यक्ष ठाकुर के आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न होगा




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के तत्वावधान में 28 मार्च को यहाँ एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में सौगात-ए-मोदी कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी होंगे। विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज, विधायक पुरंदर मिश्रा, भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, अल्पसंख्यक मोर्चा राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य नजमा सिद्धकी, सह प्रभारी आरिफ खान, रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर सहित अनेक मोर्चा पदाधिकारियों के आतिथ्य में यह कार्यक्रम संपन्न होगा।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सौग़ात-ए-मोदी कार्यक्रम में मुस्लिम समाज के गरीब परिवार के लोगों को सामग्री किट का वितरण किया जाना है। उल्लेखनीय है कि रमजान मुबारक महीने में पूरे देश में सौग़ात-ए-मोदी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। श्री अहमद ने बताया कि इसी कड़ी में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की प्रदेश इकाई द्वारा सौग़ात-ए-मोदी कार्यक्रम का आयोजन आगामी 28 मार्च को रखा गया है, जिसमें दोपहर 2 बजे जिला भाजपा कार्यालय (एकात्म परिसर) रायपुर, 4 बजे वक्फ बोर्ड कार्यालय (रायपुर) में सामग्री किट का वितरण किया जाएगा। इसके बाद शाम 6 बजे मुस्लिम समाज के प्रमुख लोगों के साथ इफ्तार कार्यक्रम बैजनाथ पारा में आयोजित किया गया है। श्री अहमद ने अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों सहित अल्पसंख्यक समाज के लोगों से इन कार्यक्रमों में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अहमद ने बताया कि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी 28 मार्च को दोपहर 1:30 बजे रायपुर पहुँचेंगे, जहाँ भाजपा एवं मोर्चा के पदाधिकारी भेंटकर उनका स्वागत करेंगे। वहाँ से श्री सिद्दीकी दोपहर 2 बजे भाजपा जिला कार्यालय, एकात्म परिसर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे और उसके बाद 2:30 से 4:00 बजे तक एकात्म परिसर व वक्फ बोर्ड कार्यालय में 'सौगात-ए-मोदी कार्यक्रम के तहत जरूरतमंद मुस्लिमों को सामग्री किट वितरण करेंगे।

## ऑपरेशन साइबर शील्ड के अंतर्गत कार्यवाही



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज के निर्देशानुसार म्यूल बैंक अकाउंट धारक/ संवर्धक/ ब्रोकर/ ठगी के लिये खाता उपलब्ध कराने वालों के विरूद्ध एक साथ 100 अलग-अलग स्थानों में पुलिस की अब तक की सबसे बड़ी रेड कार्यवाही।

रेड कार्यवाही में लगभग 200 से अधिक पुलिस अधिकारी/कर्मचारी रहे शामिल- गिरफ्तार आरोपियों के विरूद्ध देश के विभिन्न राज्यों के थानों में 930 रिपोर्ट है दर्ज, जिसमें आरोपियों द्वारा पीड़ितों से 1.57 करोड़ रूपये की ठगी की गई है। आरोपियों के खातों में ठगी की रकम 1.06 करोड़ रूपये को कराया गया है होल्ड। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज श्री अमरेश मिश्रा द्वारा साइबर क्राईम पोर्टल में रिपोर्टेड म्यूल बैंक अकाउंट की जांच करने हेतु योजना तैयार कर रेंज साइबर थाना को जांच एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था।

निर्देशानुसार साइबर क्राईम पोर्टल में 1100 से अधिक म्यूल बैंक अकाउंट की जांच की गई। रायपुर रेंज के थाना टिकरापारा, सिविल लाइन, गंज, कोतवाली, आजाद चौक में अपराध पंजीकृत कर अग्रिम विवेचना के लिए रेंज साइबर थाना रायपुर को सौंपी गई थी। विवेचना कार्यवाही में साइबर क्राईम पोर्टल की रिपोर्ट, बैंक खाता में हुए ट्रांजेक्शन, एक ही व्यक्ति के अधिक बैंक अकाउंट एवं अन्य तकनीकी साक्ष्य के आधार पर बैंक अकाउंट खुलवाने तथा

**म्यूल बैंक अकाउंट धारक/ संवर्धक/ ब्रोकर/ ठगी करने वालों के यहां एक साथ रेड, कुल 101 आरोपी गिरफ्तार, पूर्व में भी 98 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है**

अकाउंट का डिजिटल अरेस्ट, शेयर ट्रेडिंग फर्जी ऐप, क्रिप्टो करेंसी में इन्वेस्ट, गूगल रिव्यू टास्क, टेलीग्राम टास्क, बैंक केवाईसी अपडेट एवं गूगल सर्च जैसे साइबर अपराध में उपयोग करने वाले लोगों को चिन्हांकित किया गया। रेंज सायबर थाना, एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा रायपुर के विभिन्न थाना के लगभग 200 से अधिक पुलिस अधि./कर्म. की अलग - अलग 20 से अधिक टीम बनाकर आरोपियों की पतासाजी करते हुये गिरफ्तार करने के साथ ही म्यूल बैंक अकाउंट दूसरे के नाम से होना पाये जाने पर पूछताछ व तकनीकी साक्ष्य से आरोपियों से कनेक्ट होने पर संवर्धक सहित कुल 101 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के खातों में फ्रॉड की लगभग 1.06 करोड़ रूपये की राशि होल्ड कराया गया है, जो विभिन्न राज्यों के पीड़ितों के हैं, जिनसे संपर्क कर उनका रकम वापस कराया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### गरियाबंद पुलिस ने सट्टा पट्टी लिखते आदतन सटोरिए को किया गिरफ्तार



**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** गरियाबंद पुलिस ने अवैध सट्टा कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आदतन सटोरिए को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार थाना प्रभारी गरियाबंद निरीक्षक ओम प्रकाश यादव ने अपने थाना क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए मुखबिर एवं पेट्रोलिंग टीम को सक्रिय किया था।

**काली मंदिर के पीछे चल रहा था सट्टा कारोबार-** पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि काली मंदिर के पीछे हनीफखान उर्फहन्नु (25 वर्ष), निवासी वार्ड नं. 15, गरियाबंद, सट्टा-पट्टी लिखने का अवैध कार्य कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर आरोपी को मौके पर ही रंगे हाथ पकड़ लिया।

आरोपी के कब्जे से बरामद सामग्री

नकद राशि: 1170/-

सट्टा-पट्टी लिखा कागज

एक डॉट पेन

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 6(क) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

**आदतन अपराधी है आरोपी-** गिरफ्तार आरोपी हनीफ खान उर्फ हन्नु पहले भी कई बार सट्टा-पट्टी लिखने के आरोप में पकड़ा जा चुका है। उसके खिलाफगरियाबंद थाना में पूर्व में भी कई मामले दर्ज हैं।

**गरियाबंद पुलिस की अपील-** गरियाबंद पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि जुआ, सट्टा एवं खुडखुडीया खेलना एक सामाजिक बुराई है, जिससे न केवल आर्थिक नुकसान होता है, बल्कि परिवार की सुख-शांति भी प्रभावित होती है। पुलिस ने जनता से इस अवैध गतिविधि से दूर रहने और खुशहाल जीवन जीने की अपील की है।

### पुलिस ने खुड़खुड़िया खेलते आरोपियों लिया हिरासत में

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** गरियाबंद के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा समस्त थाना प्रभारियां को अपने-अपने थाना क्षेत्रातंर्गत अवैध शराब, गांजा, जुआ, सट्टा पर लगाम लगाने हेतु कडे निर्देश दिये थे। जिसके परिपालन में थाना अमलीपदर प्रभारी अपने थाना क्षेत्र में मुखबीर एवं थाना पेट्रोलिंग को सक्रिय किये थे। जो आज दिनांक 26.03.2025 को जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम खैरमाल में मेला मड़ाई के आड़ में मड़ाई मैदान के बाहर एक व्यक्ति लोगों को जीत-हार का दांव लगावा कर खुड़खुड़िया नामक जुआ खेला रहा है कि सूचना पर हमराह स्टाफके रवाना होकर ग्राम खैरमाल गया। ग्राम खैरमाल में साकिन कोदोभांठा थाना अमलीपदर पर हमराह स्टाफ एवं गवाह के मुखबीर के बताये स्थान पर दबिश दे कर घेरा बंदी कर रेड कार्यवाही किया। खुडखुडीया खेलने वाले पुलिस को देखकर भाग गये मौके पर एक व्यक्ति मिला जिसे नाम पता पुछने पर अपना नाम भुपेन्द्र आडिल पिता हरिराम आडिल उम्र 32 वर्ष साकिन मटिया थाना देवभोग जिला गरियाबंद बताये। मौके पर एक नग छप्पा लगा हुआ प्लास्टिक की पन्नी, छः नग छप्पा लगा हुआ फाईवर का पासा जिसके छः भागों में छप्पा लगा हुआ है एक नग चटाईए बांस की टोकरी व नगदी रकम 1120/- रूपया को मुताबिक जप्ती पत्रक के गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।

## कलेक्टर ने मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए भी कार्ययोजना बनाने कहा



**धमतरी(विश्व परिवार)।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने गर्मी के मौसम में जिले में पानी की समस्या से निपटने के लिए की जा रही तैयारियों की आज गहन समीक्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सभी जिला कलेक्टरों को इस बाबत दिए निर्देश के बाद पीएचई, सिंचाई विभाग, स्वास्थ्य विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में कलेक्टर ने पानी की समस्या वाले क्षेत्रों का वास्तविक रूप से सत्यापन कर निराकरण के लिए जरूरी उपाय करने को कहा। कलेक्टर ने आज की बैठक में जिले के तीनों अनुभागों में गर्मियों में पानी की कमी वाले क्षेत्रों की जानकारी ली। उन्होंने इन क्षेत्रों मे रहनेवाले लोगों तक पानी पहुंचाने की वैकल्पिक व्यवस्था के बारे में भी अधिकारियों से जाना। मिश्रा ने पानी की समस्या वाले क्षेत्रों में जरूरत के अनुसार डीप बोरवेल करने के निर्देश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने नलजल योजना और ग्राम पंचायतों के नलकूपों में लगे विद्युत पम्पों की मरम्मत कराने को भी कहा। बैठक में कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कामां को तेजी से करने के निर्देश दिए। उन्होंने लगभग पूरा होने की स्थिति वाले कामों को प्राथमिकता से करने को कहा। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि पाईपलाईन बिछाने, टंकी बनाने जैसे अधोसंरचना के अधूरे पड़े कामों को पूरा करने के लिए ठेकेदारों की बैठक बुलाई जाए। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियां को पानी की समस्या वाले क्षेत्रों के तालाबों को बांधों और जलाशयों से पानी छोड़कर भरने को भी कहा। कलेक्टर ने इसके पहले वितरक नहरों और नालियों की अच्छे से सफाई कराने को भी कहा, ताकि बांधों से छोड़ा गया पानी आसानी से तालाबों तक पहुंच सके। बैठक में कलेक्टर ने गर्मी के दिनों में होने वाली मौसमी बीमारियों हीट स्ट्रोक, ''लू'', डायरिया आदि से बचाव के लिए भी जरूरी उपाय करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने पर्याप्त संख्या में ओआरएस कॉर्नर शुरू करने, अस्पतालों में हीट स्ट्रोक के मरीजों के इलाज के लिए बिस्तर आरक्षित रखने और पर्याप्त मात्रा में उपयोगी दवाएं भण्डारित रखने को भी कहा। मिश्रा ने पिछले तीन-चार वर्षों में गर्मी के मौसम में डायरिया जैसी बीमारियों वाले क्षेत्रों में पेयजल स्त्रोतों की जांच करने, पानी में ई-कोलाई बैक्टिरिया की जांच करने के साथ ऐसे जल स्त्रोंतों को चिन्हांकित करने को भी कहा। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नगरी क्षेत्र में 13 ग्राम पंचायतों की पहचान पानी की समस्या वाले क्षेत्र के रूप में की गई है। इन पंचायतों में टेंकर के माध्यम से पानी पहुंचाने की व्यवस्था की जाएगी। इसी तरह कुरूद क्षेत्र में 10 और मगरलोड क्षेत्र में 2 ग्राम पंचायतें में पानी की समस्या की पहचान की गई है, यहां भी लोगों को पर्याप्त पानी उपलबध कराने के लिए जरूरी व्यवस्थाएं की जा रहीं हैं। धमतरी क्षेत्र में 11 ग्राम पंचायतों में पानी की समस्या देखी जा रही है। इसके साथ ही नगरनिगम क्षेत्र में भी गर्मी के दिनों में पानी की कमी से निपटने के लिए जरूरी काम शुरू कर दिए गए हैं। अभी से ही गर्मी में जलस्तर नीचे जाने वाले नलकूपों की पहचान कर उनमें राईजर पाईप बढ़ाने का काम शुरू किया जा रहा है। खराब हेण्डपम्पों की भी पूरी पहचान कर उन्हें सुधारने का काम शुरू किया गया है।

## गरियाबंद पुलिस अधीक्षक ने घोर नक्सल प्रभावित गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी



**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** जिले के पुलिस अधीक्षक निलिख राखेचा ने अपनी टीम के साथ आज घोर नक्सल प्रभावित ग्राम छोटे गोबरा और नवागांव (पथराझोरकी) का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के बीच बैठकर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने बिजली, पानी, स्कूल, भवन और अन्य बुनियादी सुविधाओं की कमी को लेकर अपनी परेशानियां साझा कीं। पुलिस अधीक्षक ने तुरंत संबंधित विभागों से चर्चा कर जल्द से जल्द इन समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया।

**ग्रामीणों के बीच सामग्री वितरण और आत्मसमर्पण नीति का प्रचार-** पुलिस अधीक्षक एवं उनकी टीम ने ग्रामीणों को दैनिक उपयोग की सामग्री वितरित की, जिससे वहां के लोग काफी प्रसन्न नजर आए। इस अवसर पर आत्मसमर्पण नीति से संबंधित पाम्पलेट भी वितरित किए गए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सरकार की आत्मसमर्पण नीति के तहत जो नक्सली हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटना चाहते हैं, उन्हें स्वरोजगार प्रशिक्षण, मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा, आवास, सरकारी नौकरी और अन्य लाभ दिए जाएंगे।

**शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने की पहल-** पुलिस अधीक्षक ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य सुदूर अंचलों में रहने वाले लोगों तक शासन की योजनाओं को पहुँचाना और उन्हें बुनियादी सुविधाओं से जोड़ना है। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि प्रशासन उनकी हर संभव मदद करेगा और विकास की धारा को गांव तक पहुँचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## पीएम आवास 2.0 : योजनांतर्गत छूटे हुए पात्र परिवारों का सर्वेक्षण जारी



**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** केंद्र सरकार के पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत वर्ष 2018 से छूटे हुए पात्र परिवारों के लिए पीएम आवास 2.0 योजना के अंतर्गत सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने समस्त छूटे हुए परिवारों के सर्वेक्षण को गंभीरता से लेते हुए सभी जनपद पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया है कि वे इस कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें। उल्लेखनीय है कि पीएम आवास 2.0 सर्वेक्षण कार्य के लिए ग्राम सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्रों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा पीएम आवास 2.0 पोर्टल के माध्यम से सर्वेक्षण कार्य हो रहा है, जिसमें हितग्राही स्वयं भी ऐप के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। यदि किसी भी पात्र परिवार का विकासखंड स्तर पर सर्वे नहीं हो पाता है तो वे जनपद पंचायत कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2025 निर्धारित की गई है। हितग्राही स्वयं भी ''आवास प्लस 2.0'' ऐप के माध्यम से सर्वेक्षण कर सकते हैं। यदि सर्वेक्षण के दौरान किसी प्रकार की तकनीकी समस्या आती है, तो वे पंचायत कार्यालय या ग्रामीण सचिव से सहायता प्राप्त किया जा सकता है।

## गरियाबंद जिला अस्पताल में अफसरशाही की लापरवाही उजागर: औचक निरीक्षण में डॉक्टर नदारद, विधायक रोहित साहू ने जताई नाराजगी



**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की पोल उस समय खुल गई जब राजिम विधायक रोहित साहू और महिला बाल आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई डॉक्टर और नर्स ड्यूटी से गायब पाए गए, जिससे नाराज विधायक ने तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए।

**डॉक्टरों की अनुपस्थिति पर भड़के विधायक साहू-** विधायक रोहित साहू ने अस्पताल की हाजिरी पंजी का अवलोकन किया, जहां कई डॉक्टर तीन-चार दिनों से गैरहाजिर थे और कुछ के हस्ताक्षर तक दर्ज नहीं थे। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने जिला स्वास्थ्य अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने और नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**विधायक साहू ने कहा-** गरीबों और आम जनता की सेहत से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डॉक्टर और स्टाफ की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए जल्द ही अस्पताल में बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम लागू किया जाएगा।

**अस्पताल की दुर्दशा पर महिला बाल आयोग की सदस्य ने जताई चिंता-** महिला बाल आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा ने भी अस्पताल की खराब स्थिति और साफ-सफाई की कमी पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों, महिलाओं और बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन अस्पताल की मौजूदा स्थिति चिंताजनक है।

**स्थानीय नेताओं ने भी जताई चिंता-** निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रिखी राम यादव, जनपद अध्यक्ष सोहन ध्रुव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, गरियाबंद मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, पार्षद सूरज सिन्हा, सागर मयाणी सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी भी मौजूद रहे। सभी ने अस्पताल प्रशासन को स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने की नसीहत दी।

**अब क्या बदलेगा?-** इस औचक निरीक्षण के बाद अस्पताल प्रशासन पर कड़ी कार्रवाई की संभावना है। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि इस सख्ती के बाद डॉक्टर और स्टाफ अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद रहेंगे और अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार देखने को मिलेगा।

## पारंपरिक आदिवासी जीवन शैली, रहन-सहन, खानपान, पोशाक को संरक्षित कर रहा बस्तर पंडुम : विधायक



**कांकेर(विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार प्रदेश सरकार द्वारा बस्तर की पारंपरिक, सांस्कृतिक तथा विभिन्न अवसरों व त्यौहारों पर आदिवासियों द्वारा किए जाने वाले पारंपरिक लोकनृत्य, लोकगीत, लोकनाट्य आदि की पहचान स्थापित करने के उद्देश्य से 'बस्तर पंडुम' का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत आज जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन कांकेर शहर से लगे ग्राम सिंगारभाट के गोंडवाना भवन में धूमधाम पूर्वक किया गया, जिसमें जिले के सभी सात विकासखण्डों से आए लोक कलाकारों ने विभिन्न विधाओं में अपनी शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर कांकेर विधायक आशाराम नेताम, भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने बस्तर की पारंपरिक विधाओं का आनंद लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित कांकेर विधायक नेताम ने कहा कि बस्तर की पारंपरिक धरोहरों को संरक्षित करने एवं पहचान दिलाने का कार्य बस्तर पंडुम के माध्यम से प्रदेश के मुखिया साय द्वारा किया जा रहा है। अपनी संस्कृति और विरासत से दूर हो रहे आदिवासियों को उनकी परंपराओं से जोड़ने की यह अच्छी पहल है और इसका लाभ बस्तर के सभी जनजातियों को लेना चाहिए। इस अवसर पर भानुप्रतापपुर विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि बस्तर की अपनी अलग परंपरा है। उन्होंने आगे कहा कि पाश्चात्य संस्कृति के बीच अपनी उत्कृष्ट विरासत से दूर हो रही आदिवासी जनजातियों के लिए बस्तर पंडुम एक अच्छा माध्यम है, जिसे संजोने व सहेजने का काम शासन-प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत की अध्यक्ष नरेटी ने कहा कि बस्तर पंडुम यहां की लोक संस्कृति और परंपराओं को पुनर्जीवित करने का बेहतर प्लेटफॉर्म साबित हुआ है। उन्हांने आगे कहा कि प्रकृति के पूजक आदिवासियों को अपनी विभिन्न परंपराओं से जुड़ने का यह सुनहरा अवसर मिला है, जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बधाई के पात्र हैं। इसके पहले, कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिला स्तरीय बस्तर पंडुम प्रतियोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उक्त आयोजन के जरिए आदिवासियों को अपनी छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने अवसर मिला। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए संभाग स्तरीय प्रतिस्पर्धा के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। सिंगारभाट के गोंडवाना भवन में आयोजित 'बस्तर पंडुम' में जनजातीय शिल्प कला, वाद्ययंत्र, आखेट यंत्र, आभूषण, पारंपरिक वेशभूषा आदि का प्रदर्शन स्टॉल लगाकर किया गया। इस दौरान आगंतुकों ने बस्तर के पारंपरिक आभूषण हंसली, पहुंची, ऐंठी, चुटकुल, चूड़ा, करधन, कौड़ीमाला, कौड़ी गजरा, झलिंग, खोपा खोंचनी, बटकी खिनवा, बनुरिया, पैरकड़ा, मुड़पिन, रूपिया माला, पनिया, फुंदरा, तल्लानेर, झोबा, नेर्क, सिहारी बीजमाला सहित लया-लयोर की पारंपरिक पोशाकों व गोदना (पारंपरिक टैटू) का भी प्रदर्शन का अवलोकन किया। इसी तरह बस्तरिया व्यंजन के स्टॉल में पुड़गा, आकीरोटी, सल्फी, जिर्रा शरबत, इमली (हित्ता) चटनी, कोड़ेंग घुघरी, गुड़चिंवड़ा, आमट, जिमीकांदा सहित छिंद दाड़को, जिर्रा गुंड़ा, हित्ता चटनी, जुंवार लाई, रेंगा, डोंक, गोड़गा जावा, हिंद दांड़गो, माड़िया झुनगा, कुल्थी कोड़ेंग, सिकुन, चापोड़ा चिट्टी, फुटु गुंडा, जीर्राभाजी, तुमीर पंडिंग, सियारी बीजा के अलावा पेय पदार्थो में अड़कुड़ जावा, गोर्रा जावा, कनकी जावा, काराखुला, मेमरी शरबत, बेल शरबत, कुटकी पेज, जुंवार पेज, डुमर पेज, कोदो पेज आदि की प्रदर्शनी लगाई गई। इस दौरान अतिथियों ने स्वादिष्ट व्यंजन का स्वाद भी चखा। स्टॉल में पहुंचे नरहरपुर ब्लॉक के ग्राम गंवरसिल्ली से आए ओझा जनजाति के आदिवासियों ने बताया कि आदिवासी महिला के विभिन्न अंगों में गोदना की पुरानी परंपरा है। बिसाहूराम नेताम, सुखमीबाई व दुकलूबाई ने बताया कि गोदना को घी और धुंए से विशिष्ट प्रकार के मिश्रण से तैयार किया जाता है, जिसे सुई से चुभोकर अंगों में आकृतियां उकेरी जाती हैं। यह भी बताया कि गोदना गोदने के उपरांत शांति के लिए उन अंगों में गोबर का लेप लगाया जाता है।

## व्यापार समाचार

## ब्लॉक ने 931 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** वित्तीय सेवा प्रदाता अमेरिकी टेक कंपनी ब्लॉक ने 931 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। यह छंटनी उसके स्टॉफ का लगभग 8 फीसदी हिस्सा है। कंपनी के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी जैक डॉर्सी ने एक ईमेल में कर्मचारियों को यह जानकारी दी है। डॉर्सी ने कर्मचारियों को बताया कि मंगलवार को ब्लॉक कुछ संगठनात्मक बदलाव करेगा, जिसमें भूमिकाओं को समाप्त करना और उन देशों में परामर्श प्रक्रिया शुरू करना शामिल है, जहां इसकी आवश्यकता है। सूत्रों के अनुसार, ईमेल में डॉर्सी ने बताया कि ब्लॉक 3 श्रेणियों में भूमिकाओं में कटौती कर रहा है। पहली श्रेणी में 391 लोगों को रणनीति कारणों से हटाया जा रहा है। दूसरी और सबसे बड़ी श्रेणी में 460 कर्मचारियों को प्रदर्शन कारणों से हटाया है। इनकी रेटिंग कंपनी के आंतरिक प्रदर्शन ट्रैकिंग मेट्रिक्स पर नीचे है। तीसरी श्रेणी में 80 प्रबंधक हैं, जिन्हें ब्लॉक के पदानुक्रम को बराबर करने के लिए हटाया है। सूत्रों के अनुसार, डोर्सी ने यह भी कहा कि 193 प्रबंधकों को व्यक्तिगत योगदानकर्ता भूमिकाओं में स्थानांतरित किया जा रहा है। ईमेल में इस बात से इनकार किया गया है कि छंटनी वित्तीय कारणों से या कर्मचारियों की जगह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लाने के लिए की जा रही है। इसके बजाय, उन्होंने कहा कि ब्लॉक रणनीतिक जरूरतों को बदलने के कारण भूमिकाओं में कटौती कर स्तर को ऊपर उठाने और प्रदर्शन बेहतर करने पर काम कर रहा है।

## बिकवाली बढ़ने से मारुति सुजुकी के शेयर में आई गिरावट

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** कार निर्माता मारुति सुजुकी के शेयरों में आज शुरुआती कारोबार में बिकवाली बढ़ने से गिरावट दर्ज हुई। यह कंपनी की ओर से एक्सचेंज फाइलिंग के जरिए उसे वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 2,966 करोड़ रुपये का आयकर आकलन का मसौदा प्राप्त होने की जानकारी के बाद हुआ है। इसको लेकर प्रबंधन ने कहा कि उसे इसके कारण कोई वित्तीय प्रभाव नहीं दिखता है और वह विवाद समाधान पैनल के समक्ष आपत्ति दर्ज कराने की योजना बना रही है। भारत की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी ने कहा कि उसे आयकर प्राधिकरण से वित्त वर्ष 2021-22 के लिए मसौदा मूल्यांकन आदेश प्राप्त हुआ है। मारुति सुजुकी इंडिया के शेयरों में इस घटनाक्रम पर तीखी प्रतिक्रिया हुई। शेयर बाजार खुलने के बाद शुरुआती कारोबार में शेयर की कीमत में 2 फीसदी की गिरावट आई और 11,848.95 रुपये पर खुलने के बाद सुबह 10ः00 बजे यह 11,750.95 रुपये के दिन के निचले स्तर पर पहुंच गया। एक्सचेंज फाइलिंग में कहा गया है, मसौदा मूल्यांकन आदेश में लौटाई गई आय (आयकर रिटर्न में बताई गई आय) के संबंध में 2,966 करोड़ रुपये की राशि के कुछ अतिरिक्त/अस्वीकृति का प्रस्ताव किया गया है। कंपनी ने कहा कि वह विवाद समाधान पैनल के समक्ष अपनी आपत्तियां दर्ज कराएगी। साथ ही स्पष्ट किया है कि इस मसौदा मूल्यांकन आदेश के कारण उसकी वित्तीय, परिचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

## लॉरिट्ज नुडसेन इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन (पूर्व में एलएंडटी स्विचगियर) ने कृषि में ऑटोमेशन को बढ़ावा देने के लिए कनेक्टेड समाधान लॉन्च किए

**नई दिल्ली:** भारतीय विद्युत और स्वचालन उद्योग में अग्रणी लॉरिट्ज नुडसेन इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन (पूर्व में एलएंडटी स्विचगियर) ने आज कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए अत्याधुनिक स्वचालित समाधान लॉन्च किए। ऊर्जा दक्षता और लागत अनुकूलन पर केंद्रित ये समाधान भारतीय किसानों के कामकाज के तरीकों को बदलने, संसाधनों का अनुकूलन करने, उत्पादकता बढ़ाने और उत्पादन में सुधार करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

**कृषि में स्मार्ट स्वचालन के साथ नवाचार-** यह नवीनतम एडवांस्ड सॉल्यूशन SMARTCOMM सिंचाई प्रबंधन प्रणाली (ढ्ढरूस्) के साथ आधुनिक खेती की चुनौतियों को हल करने में मदद करेगा। स्रूक्रञ्जष्टह्रू ढ्ढरूस् एक इंटेलिजेंट, स्वचालित प्रणाली है जो किसानों को उपयोगकर्ता के अनुकूल डैशबोर्ड या मोबाइल ऐप के माध्यम से अपने खेतों की दूरस्थ निगरानी और नियंत्रण की सुविधा प्रदान करती है। यह तकनीक पूर्ण स्वचालन प्रदान करती है, जिससे सिंचाई और फर्टिगेशन की प्रक्रिया आसान हो जाती है, जल अपव्यय कम होता है और फसल की पैदावार में सुधार होता है। लॉरिट्ज नुडसेन इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन के चीफ ऑटोमेशन ऑफिसर (सीओओ) नरेश कुमार ने कहा, लॉरिट्ज नुडसेन में, हम भारत में कृषि के भविष्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे समाधान किसानों को कनेक्टेड और स्वचालित सिस्टम के माध्यम से सशक्त बनाते हैं, जिससे उत्पादकता में वृद्धि, जल अपव्यय में कमी और सतत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा मिलता है। हमारा मानना है कि ग्रामीण भारत में तकनीक के लाभ पहुंचाकर, हम किसानों के लिए अधिक समृद्ध और सतत भविष्य का निर्माण कर सकते हैं, जो 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण के अनुरूप है। किसान अक्सर सिंचाई के समय को लेकर संघर्ष करते हैं, और हमारे ऑटोमेशन सोल्यूशन्स इस चुनौती का प्रभावी समाधान प्रदान करते हैं। हमारी तकनीक किसानों को अपने घरों या मोबाइल उपकरणों से आसानी से सिंचाई प्रबंधन करने की सुविधा देती है। हमारी दृष्टि अगले कुछ वर्षों में 25,000 से अधिक किसानों को पारंपरिक खेती से स्वचालित, सटीक कृषि की ओर स्थानांतरित करने की है, जिससे अतिरिक्त 1,20,000 हेक्टेयर सिंचित भूमि को कवर किया जा सके।

भारत के कृषि भविष्य के लिए सतत समाधान- लॉरिट्ज नुडसेन के ये समाधान सिर्फ स्वचालन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि परिणामों के अनुकूलन पर भी ध्यान केंद्रित करते हैं। ढ्ढशञ्ज-सेंसर-आधारित संचालन के माध्यम से, किसान वास्तविक समय में मिट्टी और मौसम के डेटा के आधार पर जल और उर्वरक इनपुट को कुशलतापूर्वक प्रबंधित कर सकते हैं, जिससे सटीकता सुनिश्चित होती है, लागत बचती है और पर्यावरणीय प्रभाव कम होता है। इसके अतिरिक्त लॉरिट्ज नुडसेन का नवीकरणीय ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करना सतत कृषि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सौर ऊर्जा-संचालित सिंचाई प्रणालियाँ नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने को बढ़ावा देती हैं, जिससे पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम होती है और कृषि अधिक स्वच्छ और कुशल बनती है।

# जिमी नीशम ने पहली बार टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लिया 5 विकेट




### न्यूजीलैंड बनाम पाकिस्तान

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम और पाकिस्तान क्रिकेट टीम के बीच 5 मैचों की टी-20 सीरीज के आखिरी मुकाबले में जिमी नीशम ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट हॉल अपने नाम किए। ये उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला 5 विकेट हॉल रहा। उनकी शानदार गेंदबाजी के कारण पाकिस्तान की पूरी टीम 20 ओवर में 128/9 का ही स्कोर बना पाई। इस मुकाबले से पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3/16 का था। ऐसे में आइए उनके आंकड़ों पर नजर डालते हैं। नीशम ने 4 ओवर गेंदबाजी की और 22 रन देकर 5 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। उनकी इकॉनमी रेट 5.50 की रही। उन्होंने आघा सलमान (51), अब्दुल समद (4), शादाब खान (28), जहानदाद खान (1) और सुफियान मुकीम (0) को अपना शिकार बनाया। नीशम के अलावा जैकब डफी ने भी अच्छी गेंदबाजी की और 4 ओवर में सिर्फ 18 रन देकर 2 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। ईश सोढ़ी और बेन सियर्स को 1-1 सफलता मिली। पाकिस्तान के खिलाफ नीशम ने पहला मुकाबला साल 2014 में खेला था। उन्होंने अब तक इस टीम के खिलाफ 23 टी-20 मुकाबले खेले हैं और इसकी 16 पारियों में 18.45 की उम्दा औसत के साथ 20 विकेट लेने में सफल रहे हैं। पाकिस्तान के खिलाफ उनकी इकॉनमी रेट 8.75 की रही है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/22 का रहा है। नीशम द्वारा टी-20 क्रिकेट के इतिहा में न्यूजीलैंड के लिए किया गया यह तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है। सूची में पहले स्थान पर टिम साउथी हैं। उन्होंने साल 2010 में पाकिस्तान के खिलाफ 4 ओवर में 1 मेडन ओवर के साथ 18 रन खर्च करते हुए 5 विकेट झटके थे। उनकी इकॉनमी 4.50 की रही थी। दूसरे स्थान पर कीवी टीम के एक और तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन हैं। उन्होंने साल 2020 में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ 21 रन देकर 5 विकेट लिए थे। नीशम अब इस सूची में तीसरे स्थान पर आ गए हैं। नीशम ने अपना पहला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला साल 2012 में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था। उन्होंने अब तक 83 मुकाबले खेले हैं और इसकी 57 पारियों में 24.44 की औसत और 8.94 की इकॉनमी रेट से 47 विकेट लेने में सफल रहे हैं। उन्होंने अपने टी-20 करियर में सबसे ज्यादा विकेट (20) पाकिस्तान के ही खिलाफ लिए हैं। बल्लेबाजी में इस खिलाड़ी ने 21.22 की औसत से 955 रन बनाए हैं।

## श्रेयर अय्यर ने तोड़ा धोनी का कप्तानी वाला रिकॉर्ड शतक से चूकने के बावजूद भी रचा इतिहास



**नईदिल्ली( एजेंसी )।** पंजाब किंग्स के कप्तान और स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने मंगलवार (26 मार्च) को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के मुकाबले में शानदार बल्लबाजी करते हुए 42 गेंदों में 230.95 की स्ट्राईक रेट से नाबाद 97 रन की पारी खेली, जिसमें 5 चौके और 9 छक्के जड़े। अय्यर को उनकी विजयी पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वह भले ही आईपीएल में पहले शतक से चूक गए लेकिन इस मुकाबले में बतौर बल्लेबाज और कप्तान उन्होंने कुछ खास रिकॉर्ड बना दिए। अय्यर ने टी-20 क्रिकेट में अपने 6000 रन पूरे कर लिए हैं, अपनी पारी में 26वां रन बनाते ही उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। इसके अलावा अय्यर ने आईपीएल में बतौर कप्तान 2000 रन भी पूरे कर लिए और टी-20 क्रिकेट में 250 छक्के भी। आईपीएल में बतौर कप्तान 70 मैच के बाद सबसे ज्यादा जीत हासिल करने के मामले में अय्यर संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। अय्यर ने बतौर कप्तान 41वीं जीत हासिल की है और धोनी ने भी अपने पहले 70 मैच में कप्तानी करते हुए इतनी ही हासिल की थी। 43 जीत के साथ रोहित शर्मा पहले नंबर पर हैं।

## राशिद खान ने एक विकेट लेकर ही रच डाला इतिहास जसप्रीत बुमराह का महारिकॉर्ड तोड़ डाला



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** गुजरात टाइटंस के स्टार स्पिनर राशिद खान ने मंगलवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के मुकाबले में खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। अपने चार ओवर के कोटे में राशिद ने 48 रन दिए और 1 विकेट हासिल किए। राशिद ने ओपनिंग बल्लेबाज प्रियांश आर्य को अपना शिकार बनाया। राशिद आईपीएल में सबसे तेज 150 विकेट लेने के मामले में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं, उन्होंने 122 पारी में यह मुकाम हासिल किया है। राशिद ने इस लिस्ट में जसप्रीत बुमराह को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 124 आईपीएल पारियों में 150 विकेट पूरे किए थे। राशिद दूसरे विदेशी स्पिनर बन गए हैं, जिन्होंने आईपीएल के इतिहास में 150 या उससे ज्यादा विकेट लिए हैं। उनसे पहले यह कारनामा सिर्फ सुनील नारायण ने किया है, जिनके नाम फिलहाल 176 पारियों में 181 विकेट दर्ज हैं। गौरतलब है कि इस मुकाबले में पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को 11 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाग पंजाब किंग्सन 5 विकेट के नुकसान रर 243 रन का विशाल स्कोर बनाया। पंजाब के लिए कप्तान श्रेयस अय्यर ने 42 गेंदों में नाबाद 97 रनकी पारी खेली। इसके अलावा प्रियांस आर्य ने 47 रन और शशांक सिंह ने 16 गेंदों में नाबाद 44 रन बनाए। इसके जवाब में गुजरात की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 232 रन बनाए। मेजबान टीम के लिए साईं सुदर्शन ने 74 रन, जोस बचलर ने 54 रन और शेरफेन रदरफोर्ड ने 46 रन की पारी खेली।

# भारतीय अर्थव्यवस्था 2027 तक जर्मनी से निकल सकती है आगे, इस साल जापान को छोड़ेगी पीछे



**नईदिल्ली( एजेंसी )।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर बड़ी खबर दी है। आईएमएफ ने कहा कि भारत वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही तक जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पिछले दशक में दोगुने से भी ज्यादा हो गई है। 2015 में जीडीपी 2.1 लाख करोड़ डॉलर थी, जो अब बढ़कर 2025 में अनुमानतः 4.3 लाख करोड़ डॉलर हो जाएगी। आईएमएफ के आंकड़ों के मुताबिक, फिलहाल दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत जापान के करीब पहुंच रहा है। पिछले 10 सालों में भारत की अर्थव्यवस्था में 105 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि जापान की जीडीपी स्थिर बनी हुई है। अगर भारतीय जीडीपी इसी रफ्तार से आगे बढ़ती रही तो वह 2027 की दूसरी तिमाही तक 4.9 लाख करोड़ डॉलर पर पहुंच जाएगी और जर्मनी को पीछे छोड़ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। आईएमएफ के मुताबिक, भारत की जीडीपी वर्तमान में 4.3 लाख करोड़ डॉलर है। 2015 में यह 2.1 लाख करोड़ डॉलर थी। भारतीय जीडीपी ने पिछले एक दशक में दोगुना से भी ज्यादा वृद्धि की है। इस दौरान भारतीय जीडीपी ने चीन, अमेरिका और कई यूरोपीय देशों को पीछे छोड़ दिया है। इसी अवधि में चीन की जीडीपी 76 प्रतिशत, अमेरिका की 66 प्रतिशत, जर्मनी की 44 प्रतिशत, फ्रांस की 38 प्रतिशत और ब्रिटेन की 28 प्रतिशत बढ़ी है। भारतीय जीडीपी को 1 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने में 60 साल लगे थे। 2007 में भारतीय जीडीपी ने ये आंकड़ा छुआ था। इसके बाद 1 लाख करोड़ से 2 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने में 7 साल (2014) और 2 से 3 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने में भी 7 साल (2021) लगे। कोरोना के बाद केवल 4 सालों में ही भारतीय अर्थव्यवस्था ने 3 लाख करोड़ डॉलर से 4 लाख करोड़ डॉलर तक का सफर तय कर लिया। जानकारों का मानना है कि भारत मौजूदा गति से हर डेढ़ साल में अपनी जीडीपी में 1 लाख करोड़ डॉलर जोड़ सकता है। अगर यह गति जारी रही तो देश 2032 तक 10 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है। बीते 10 सालों में भारतीय अर्थव्यवस्था ने जी-7, जी-20 और ब्रिक्स के सभी देशों को पीछे छोड़ दिया है।

## शेयर बाजार सपाट पर खुला, सेंसेक्स 67 अंक नीचे, निफ्टी 23,683 पर

**मुंबई,( एजेंसी )।** कारोबारी सप्ताह के तीसरे दिन शेयर बाजार सपाट पर खुला. बीएसई पर सेंसेक्स 67 अंकों की गिरावट के साथ 77,949.26 पर ओपन हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.06 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 23,683.30 पर खुला. आज के कारोबार के दौरान मारुति सुजुकी इंडिया, मिंडा कॉर्पोरेशन, ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन, सीमेंस इंडिया, ब्रेनबीज सॉल्यूशंस, टीवीएस मोटर कंपनी, इंडियन ओवरसीज बैंक, ज्योति लैब्स, भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स, इंडिजीन, डीएलएफ, असाही इंडिया ग्लास, ड्रेजिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया और एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के शेयर फोकस में रहेंगे. कारोबारी सप्ताह के दूसरे दिन शेयर बाजार ग्रीन जोन में बंद हुआ. बीएसई पर सेंसेक्स 32 अंकों की बढ़त के साथ 78,017.19 पर क्लोज हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.04 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 23,668.65 पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान निफ्टी पर अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर टॉप गेनर के लिस्ट में शामिल रहे. जबकि इंडसइंड बैंक, डॉ रेड्डीज लैब्स, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, श्रीराम फाइनेंस, बजाज ऑटो के शेयर टॉप लूजर के लिस्ट में शामिल रहे. आईटी को छोड़कर, ऑटो, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, मेटल, ऑयल एंड गैस, पावर, पीएसयू बैंक, रियल्टी, टेलीकॉम सहित अन्य सभी सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान पर बंद हुए. बीएसई मिडकैप इंडेक्स में 1 फीसदी और स्मॉलकैप इंडेक्स में 1.5 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई.

## इनफिनिक्स ने दुनिया के पहले मीडियाटेक डायमेंसिटी 7300 अल्टीमेट प्रोसेसर के साथ NOTE 50x 5G+ लॉन्च किया

**रायपुर।** नए युग के स्मार्टफोन ब्रांड, Infinix ने आज अत्याधुनिक NOTE 50x 5G+ पेश किया। यह स्मार्टफोन आधुनिक डिजिटल लाईफस्टाईल में यूज़र्स के लिए परफॉर्मेंस, डिज़ाईन और अनुभव के नए मानक स्थापित कर देगा। NOTE 50x 5G+ की सेल फ्लिपकार्ट पर 3 अप्रैल, 2025 से शुरू होगी, जिसमें पहले दिन यह 10,499 रुपये (ऑफर सहित) के विशेष मूल्य में मिलेगा। यह स्मार्टफोन तीन आकर्षक रंगों- सी ब्रीज़ ग्रीन (वेगन लैदर), टाईटेनियम ग्रे और इंचैंटेड पर्पल (मैटेलिक फिनिश) में उपलब्ध होगा। यह स्मार्टफोन टेकप्रेमियों से लेकर दैनिक यूज़र्स तक सभी के उपयोग के लिए बनाई गई है। Infinix इंडिया के सीईओ, अनीश कपूर ने कहा, Infinix में हम आधुनिक पीढ़ी के लिए निरंतर इनोवेशन करने और अपने दायरों को बढ़ाकर ऐसे उत्पाद बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो आधुनिक, भविष्य के लिए तैयार एवं उपयोगी हों। हम सदैव परफॉर्मेंस पर केंद्रित रहते हैं। 2025 में हमने डिवाईस की परफॉर्मेंस को और ज्यादा बढ़ा दिया है, तथा इसमें दैनिक उपयोगिता के साथ अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी को शामिल किया है। हमने यूज़र्स को ध्यान में रखकर बोल्ड सीएमएफ दृष्टिकोण को अपनाया और प्रीमियम टैक्सचर, इनोवेटिव मटेरियल एवं आधुनिक कलर्स के साथ एक स्टाईलिश स्मार्टफोन बनाया, जो उनकी व्यक्तिगत पहचान को प्रतिबिंबित करे।




## सू- दोकू क्र. 364

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 363 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | [illegible] | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

दैनिक
# विश्व परिवार महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, शुक्रवार 28 मार्च 2025



## चैट्रीचन्द्र पर्व 30 मार्च को, मांस-मटन विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित

**रायपुर (विसं)।** सम्पूर्ण नगर पालिक निगम रायपुर के परिक्षेत्र में चैट्रीचन्द्र पर्व पर 30 मार्च 2025 को मांस-मटन का विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। इस सम्बन्ध में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के परिपालन में रायपुर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से 30 मार्च को रायपुर नगर पालिक निगम के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं समस्त मांस-मटन विक्रय की दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश जारी किया है। किसी भी दुकान में मांस मटन विक्रय करते पाये जाने पर जप्त करने की कार्यवाही की जायेगी और सम्बंधित व्यक्ति के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही भी की जायेगी।

# चेट्रीचंड्र जयंती महोत्सव-2025

## चेट्रीचंड्र महोत्सव सिंध एकता सेवा समिति द्वारा कटोरा तालाब में धूम मचाते रंगारंग कार्यक्रम



**रायपुर (विश्व परिवार)।** चेट्रीचंड्र महोत्सव पर्व पर सिंध एकता सेवा समिति संत कंवररामनगर कटोरा तालाब द्वारा 28 मार्च 2025 शुक्रवार इलेवन स्टार ग्राउंड में भव्य रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ रायपुर के मशहूर गायक अमित उदासी और बुरहानपुर की जानी मानी गायिका रोशनी चंदवानी द्वारा गीत संगीत का रंगारंग प्रोग्राम रखा गया है। इसके अलावा आनंद मेले का भी आयोजन रखा गया है। जिसमें हर प्रकार के व्यंजन आपको मिलेंगे। अगर कोई अपना आनंद मेले में स्टॉल लगाना चाहे तो आयोजकों से बात करके स्टाल लगा सकते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूज्य संत साईं श्री युधिष्ठिरलाल जी, विशिष्ट अतिथि बृजमोहन अग्रवाल जी सुनील सोनी जी, अमर गिदवानी जी, महेश दरयानी जी, श्याम चावला जी, नितिन मनवानी, रितेश पंजवानी, रवि दयानी, विजय लहरवानी, आकाश पंजवानी अमित चतवानी, राहुल भाटिया, रवि लहरवानी, ऋषि वासवानी, पवन छाबड़ा, राजकुमार वाडिया, राजकुमार पंजवानी, महेश लहरवानी, विक्की झामनानी, करन राजपाल एवं समाज के वरिष्ठजन एवं युवा साथी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## 30 मार्च झूलेलाल जयंती के अवसर पर होजमालों के मंच पर फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री दासानी करेगी शोभायात्रा का भव्य स्वागत

**रायपुर (विश्व परिवार)।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा सिंधी समाज का सबसे बड़ा पर्व चेट्री चन्द्र 30 मार्च को है इस पर्व पर फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री शोभायात्रा का स्वागत करेगी जयस्तम्भ चौक पर शम 6 बजे से सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया होजमालों 2025 में भाग्यश्री के साथ मुंबई से ऑर्केस्ट्रा टीम एवम डांस ग्रुप साथ में सिंधी गायक अपनी प्रस्तुति देंगे एंकर एवम गायक महेश मोटलानी के साथ शानदार आतिशबाजी और गणेश वंदना का भी आयोजन है साथ में दिल्ली से डांस ग्रुप अपनी प्रस्तुति देगा आयोजन समिति के चेयरमैन संजय रहेजा विक्की लोहाना सुनील कुकरेजा धनेश मटलानी चंदन जैसिंघ तेजकुमार बजाज निलेश तारवानी विशाल नारंग डॉ एन डी गजवानी मनीष तलरेजा कमल विधवानी राजीव जसवानी दीपक रामनानी जितेंद्र मलघानी नितिन कृष्णानी चंदर देवानी की सक्रिय भागीदारी है



# सीएम विष्णुदेव साय के साथ मुख्यमंत्री निवास में गुरु खुशवंत साहेब ने मनाया अपना जन्मदिन




**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ शासन में अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने आज मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की गरिमामयी उपस्थिति में अपने जन्मदिवस का पावन उत्सव मनाया। इस विशेष अवसर पर परम् पूज्य पिताश्री राजागुरु धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब जी के सानिध्य में केक काटा गया और प्रदेश की समृद्धि एवं जनकल्याण की मंगलकामना की गई।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने गुरु खुशवंत साहेब जी को अंगवस्त्र भेंटकर आत्मीय बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गुरु खुशवंत साहेब जी समाजहित एवं प्रदेश के विकास के लिए निरंतर सक्रिय हैं, उनके नेतृत्व में समाज के वंचित वर्गों को नया मार्गदर्शन मिल रहा है। गुरु खुशवंत साहेब जी ने इस आत्मीयता के लिए मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास का स्वर्णिम अध्याय लिख रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री जी के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए यह विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी जनहितकारी योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के हर वर्ग को लाभान्वित किया जाएगा।

# रायपुर निगम के नवनियुक्त एमआईसी सदस्य सरिता आकाश दुबे व डॉ. अनामिका सिंह ने पदभार सम्हाला

### महापौर मीनल, एमआईसी सदस्यों, विशिष्टजनों, आमजनों ने दी हार्दिक शुभकामनाएं



**रायपुर (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम रायपुर की मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) में नवनियुक्त भारसाधक सदस्य श्रीमती सरिता आकाश दुबे और डॉक्टर अनामिका सिंह ने निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के भूतल पर प्रथम पूज्य देव श्रीगणेश की पूजा अर्चना कर उनसे शुभाशीष देने बप्पा के दिव्य श्री चरणों में विनम्र प्रार्थना कर नगर निगम सचिवालय द्वारा प्रथम तल पर प्रशासनिक कार्य हेतु आबंटित कक्ष में श्री गणपति पूजन कर आचार्य द्वारा वैदिक मन्त्रोच्चार और सुमधुर शंख ध्वनि सहित फटाकों और बैंड बाजों की गूंज के मध्य अपना पदभार सम्हाल लिया।

महापौर श्रीमती मीनल चौबे, एमआई सी सदस्य श्री मनोज वर्मा, श्री दीपक जायसवाल सहित नव निर्वाचित वार्ड पार्षदगणों, पूर्व पार्षदगणों, विशिष्टजनों, गणमान्यजनों, आमजनों, महिलाओं, नवयुवकों, नगर निगम अधिकारियों, कर्मचारियों ने नवनियुक्त एमआईसी सदस्य श्रीमती सरिता आकाश दुबे और डॉक्टर अनामिका सिंह को पदभार सम्हालने पर बुके प्रदत्त कर और फूलमालाओं से लादकर हार्दिक बधाई और शुभकामनायें दीं।

# प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को लेकर शंकर नगर मंडल की प्रथम बैठक हुई सम्पन्न




**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी शंकर नगर मंडल की प्रथम बैठक संपन्न हुई। उक्त बैठक में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के (बिल्हा) बिलासपुर आगमन एवं साथ ही साथ संगठन के स्थापना दिवस को ले कर बैठक आयोजित की गई।

उक्त बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्रीचंद सुंदरानी, मंडल अध्यक्ष राम प्रजापति, जोन क्रमांक 03 के पूर्व अध्यक्ष डॉ. प्रमोद साहू, पार्षद साधना प्रमोद साहू, पार्षद कैलाश बेहरा, पार्षद राजेश गुप्ता, प्रदेश प्रवक्ता सुनील चौधरी, आईटी सेल संयोजक सुनील पिल्लई, सह संयोजक आदित्य कुरील, महामंत्री द्वय हरिवंश वर्मा, सुधीर चौबे, ज्ञान चंद चौधरी, विपिन पटेल, नरेंद्र निर्मलकार, अनूप वर्मा, डुमेंद्र वर्मा, आदित्य कुरील, शाहिद हुसैन, आकाश तिवारी, अनुराग साहू, देव दत्त साहू, मनीष प्रजापति, रामदास मानिक पूरी, शंभू लोवंशी, अनूप वर्मा, विजय छुरा, आकाश बलानी, नितिन श्रीवास्तव, धन्ना शुक्ला, मनोज दलवलकर, अर्चना हुकरे, वर्षा सहिस, मीना सेन, ओमेश्वरी चंद्राकर, गायत्री चंद्राकर, कुलेश्वर धुरंधर, कुलविंदर हुंजन, नीरज धुरंधर, नवीन वर्मा, कृष्ण दलवलकर, मिथिला पंडा, मनीष सेन, सुरेंद्र वर्मा, भारत बया, प्रकाश सिन्हा, मनोज देवांगन, दिलीप धनकर, रितेश रक्सेल, राम तांडी, राज सोना, इंदर नायक, शिव सोन पिपरे, हुरदा दीप, गणेश निर्मलकरा, साधना चक्रवर्ती, आरती साहू, दीप्ति देवांगन, साधना ऊईके, विमला, जानकी नायक, जागृति कन्नौजे, वंदना शुक्ला, संजय देशमुख, आशा साठे सहित बड़ी संख्या में मंडल पदाधिकारी बूथ अध्यक्ष गण उपस्थित हुए।

# सड़क सुरक्षा एवं प्रवर्तन के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर कार्यशाला



**रायपुर (विश्व परिवार)।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा एशियन परिवहन विकास संस्थान तथा अंतर्विभागीय लीड एजेंसी(सडक सुरक्षा)छत्तीसगढ़ के सहयोग से छत्तीसगढ़ यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग तथा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अधिकारियों को सड़क सुरक्षा एवं प्रवर्तन के विभिन्न पक्ष/विषयों के संबंध में 03 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन स्थानीय होटल के सभागृह एवं इंस्टीट्यूट ऑफ ड्रायविंग एण्ड ट्रैफ़िक रिचर्स संस्थान नवा रायपुर में आयोजित किया गया है।

इस कार्यशाला के शुभारंभ सत्र में श्री सत्येन्द्र गर्ग, (भा.पु.से 1987), तत्कालीन पुलिस महानिदेशक, अंडमान व पूर्व विशेष आयुक्त दिल्ली पुलिस सहित श्री संजय शर्मा, अध्यक्ष अंतर्विभागीय लीड एजेंसी(सड़क सुरक्षा) तथा अनिल चिकारा तत्कालीन सयुक्त परिवहन आयुक्त, नई दिल्ली ने छत्तीसगढ़ राज्य के सड़क सुरक्षा परिदृश्य, सुरक्षात्मक उपाय/पहल, मोटर व्हीकल एक्ट एवं सेन्ट्रल मोटर व्हीकल रूल्स मे सड़क सुरक्षा के संबंधित परिवहन क्षेत्र के तकनीकी दोषनिवृति, ऑटोमेटेड व्हीकल इंस्पेक्शन, ई-चालान, मैकेनिकल क्रैश एनालिसिस, मोटर व्हीकल ड्रायविंग रेगुलेशन एवं पेनाल्टी विषयों पर सारगर्भित व्याख्यान के साथ-साथ प्रशिक्षणार्थियों की उलझन/आशंकाओं का समाधान किया। एम्स रायपुर के ट्रामा केयर विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. डी. के. त्रिपाठी एवं सहयोगी 04 वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम ने रोड़ एक्सीडेंट मैंनेजमेंट एण्ड ट्रामा केयर विषय पर विस्तार से सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक जानकारी दी।

# लाखेनगर से निकाली गई झूलेलाल भगवान के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल बाइक रैली, बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालुजन





**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित लाखे नगर में आज सिंधी पंचायत लाखे नगर द्वारा विशाल बाइक रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

ज्ञात हो कि 30 मार्च 2025 को भगवान झूलेलाल का जन्म उत्सव मनाया जाएगा, जिसे लेकर सिंधियों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। बताते चलें कि विभिन्न सिंधी पंचायत में कार्यक्रम कराई जा रहे हैं और इनमें बड़ी संख्या श्रद्धालुओं की देखी जा सकती है। ज्ञात होगी विगत गुरुवार को लाठी नगर सिंधी पंचायत द्वारा विशाल बाइक रैली निकाली गई थी जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया साथी शहर के चारों ओर सिंधी पंचायत और सिंधी समाज के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम कराए जा रहे हैं जिससे वातावरण खुशनुमा नजर आ रहा है लखन नगर सिंधी पंचायत के प्रमुखों ने उत्साह वर्धन कर बाइक रैली को हरी झंडी दिखाई साथी इस बाइक रैली को सफलतापूर्ण संपन्न कराने में महेश पृथ्वीवाणी का अहम योगदान रहा।

# तीन दिन के काम को 24 घंटे में पूरा कर विद्युत आपूर्ति बहाल

### ट्रक की ठोकर से हाईटेंशन 132 केवी बिजली टॉवर हुआ था क्षतिग्रस्त




**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने 132 केवी के 100 फीट से अधिक ऊंचाई की दुर्घटनाग्रस्त हाईटेंशन टॉवर लाइन को रिकार्ड समय में खड़ा कर विद्युत आपूर्ति सामान्य करने में सफलता प्राप्त की है। आमतौर पर ऐसे टॉवर को खड़ा करने में तीन दिन का समय लगता है, जिसे ट्रांसमिशन कंपनी की टीम ने तकनीकी दक्षता और कार्यकुशलता का परिचय देते हुए 24 घंटे में पूरा कर लिया। इस उपलब्धि के लिए ट्रांसमिशन कंपनी के अध्यक्ष श्री सुबोध सिंह एवं प्रबंध निदेशक श्री आरके शुक्ला ने टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

रायपुर के पास बरबंदा गांव के पास 25 मार्च को दोपहर 2.17 बजे रिंग रोड नंबर तीन (जोरा-सड्डू-धनेली) से जा रही एक मालवाहक ट्रक अनियंत्रित हो गई। धान से लदा यह ट्रक 132 केवी के हाईटेंशन टॉवर से जा टकराया, जिससे 32 मीटर ऊंचा टॉवर गिर गया और इसमें लगी डबल सर्किट लाइन टूटकर रिंगरोड पर गिर गई। इस घटना में किसी तरह की जान-माल का नुकसान नहीं हुआ परन्तु राजधानी के एक बड़े इलाके में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। साथ ही रिंगरोड में तार गिरने से यातायात भी अवरूद्ध हो गया। ट्रांसमिशन कंपनी ने यातायात पुलिस के साथ मिलकर ट्रैफिक को डायवर्ट किया और इंजीनियरों और कर्मियों की टीम ने सड़क से ऊलझे हुए तारों को हटाकर फिर सड़क यातायात शुरू करवाया। इधर विधानसभा से लेकर अंबूजा मॉल, दलदल सिवनी, कंचना, आमासिवनी क्षेत्र में कुछ देर के लिए बिजली आपूर्ति बंद हो गई।

राजधानी के हॉस्पिटल, स्कूल, वीआईपी इलाके व जनसामान्य के लिए विद्युत आपूर्ति की आवश्यकता को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था की गई, क्योंकि 132 केवी डबल सर्किट लाइन टूट गई थी, जिसे बनाने में काफी समय लगने की आशंका थी, इसलिए ट्रांसमिशन कंपनी ने महासमुंद के परसवानी क्षेत्र से 132 केवी लाइन से विद्युत आपूर्ति आरंभ की। इधर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने भी लोड मैनेज करने के लिए त्वरित गति से कार्य किया और उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति जारी की।

# रायपुर रेल मंडल में ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन को लेकर ऑनलाइन संरक्षा सेमिनार का आयोजन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** दिनांक 27 मार्च 2025 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग के द्वारा ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन हेतु परिचालन, विद्युत परिचालन, सिगनल एवं दूरसंचार, यांत्रिक तथा इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों के साथ ऑनलाइन संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई-

शंटिंग के दौरान बरती जानेवाली सावधानियां एवं लोड का स्टेबलिंग, स्पैड से बचाव के लिए सावधानियां तथा ऑटोमेटिक सेक्सन में दिये जानेवाले प्राधिकार एवं क्रू के द्वारा बरती जानेवाली सावधानियां, इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारी के द्वारा बरती जानेवाली ग्रीष्मकालीन सावधानियां एवं कार्य स्थल की संरक्षा, प्वाइंटस एवं सिग्नल की विफलता के दौरान परिचालन एवं सिग्नल कर्मचारियों के द्वारा बरती जानेवाली सावधानियां, हॉट एक्सल एवं ब्रेक बाइंडिंग से बचाव के लिये बरती जानेवाली सावधानियां तथा हाल ही में हुई दुर्घटनाओं का विश्लेषण। इस ऑनलाइन संरक्षा सेमिनार में श्री प्रवीण कुमार, सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी संरक्षा सलाहकारो ने संरक्षा सेमिनार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संरक्षा संगठन/रायपुर मंडल के द्वारा प्रत्येक माह में 02 संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन रायपुर मंडल में किया जाता है, जिससे कर्मचारियों में कार्य करने के दौरान संरक्षा के प्रति जागरुकता लाई जा सके। उक्त ऑनलाइन संरक्षा संगोष्ठी में संरक्षा सलाहकार, सुपरवाइजर, एवं फील्ड कर्मचारियों को मिलाकर कुल 43 लोगों ने भाग लिया।

# आ जी ले जरा-रेट्रो थीम पे रोमांचक पार्टी



**रायपुर (विश्व परिवार)।** महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज समता कॉलोनी रायपुर में शिक्षकों के लिए कॉलेज द्वारा "मधुबन फार्म हाऊस " रायपुर में "आ जी ले जरा-रेट्रो" थीम का भरपूर आनंद लिया। रेट्रो थीम पार्टी में सभी ने 1960 से 1990 के दशक जैसे सुन्दर पोषाक पहने आयें। जिसमें उन्होंने जीनत अमान, परवीन बॉबी, राखी गुलजारी, मुमताज अस्करी, सिमी गरेवाल, राजेश खन्ना, धर्मेन्द्र, विनोद खन्ना, जितेन्द्र इस प्रकार अभिनेता और अभिनेत्री के आउटफिट में नजर आयें। सभी शिक्षक रेट्रो युग से प्रेरणा लेकर सिग्नेचर आउटफिट के तौर पर प्रिंटेड कपड़े और हाई पफ बनाये हुए बहुत ही आकर्षक नजर आये।

इस पार्टी को और रोमांचित बनाने के लिए कॉलेज के चेयरमेन आदरणीय श्री राजेश अग्रवाल व पूर्व चेयरमेन आदरणीय श्री रमेश अग्रवाल जी के उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा चार चांद लगा दिया।

समस्त शिक्षक गणों का एक साथ "मधुबन फार्म हाऊस" उपस्थित एवं तिलक व डोल-नगाडो से उनका स्वागत का भी आयोजन किया गया, सभी ने मंत्रमुग्ध होकर इसका आनंद लिया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एम.एस.मिश्रा जी, एडमिनिस्ट्रेटर शिवांगी मिश्रा के साथ सभी शिक्षकों ने मिलकर सम्पूर्ण कार्यक्रम का आनंद लिया।

मधुबन फार्म हाऊस में सभी शिक्षकगण उपस्थित होकर आयोजित कार्यक्रम का भरपुर आनंद लिया, इसमें खेल, प्रतियोगिताएं, नृत्य, गाना, मिमिक्री, रैम्प वॉक सभी ने अपने हुनर को दिखाया, इस सभी खेल में जिन्होंने भी सबसे प्रदर्शन किया उन्हें बहुत ही सुन्दर गिफ्ट एवं अर्वाड से भी उन्हें नवाजा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रचनात्मकता को बढ़ावा देना, टीम भावना को बढ़ावा देना, एवं सांस्कृतिक विविधना का जश्न बनाना था। इस पलो को और यादगार बनाने के लिए सभी ने फोटो क्लीक करायें।

# उरकुरा गेट रेलवे समपार फाटक पर मरम्मत, सड़क यातायात रहेगा बंद

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर रेल मंडल उरकुरा-रायपुर के मध्य समपार फाटक क्रमांक 415(कि.मी.824/40- 42) रेल पथ में डाउन लाइन में दिनांक 28.03.2025 को सुबह 08:00 बजे से दिनांक 01.04.2025 रात 08:00 बजे तक सड़क यातायात का आवागमन बंद रहेगा। आवश्यक मरम्मत कार्य के कारण समपार फाटक से वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। समपार फाटक की मरम्मत करना रेल यातायात व यात्रियों की संरक्षा की दृष्टि से अति आवश्यक हैं।

# TECHFEST 1.0 का भव्य शुभारंभ, नवाचार और तकनीकी कौशल का संगम




**रायपुर (विश्व परिवार)।** माट्स स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (MSEIT), आरंग, रायपुर में TECHFEST 1.0 का भव्य शुभारंभ हुआ। यह तकनीकी महोत्सव 27 मार्च से शुरू होकर युवाओं के लिए नवाचार और तकनीकी कौशल को बढ़ावा देने का एक अनूठा मंच प्रदान कर रहा है।

उद्घाटन समारोह में माट्स विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार श्री गोकुलनंदा पांडा, माननीय कुलपति डॉ. के.पी. यादव, MSEIT की निदेशक डॉ. आशा अंभाइकर, एवं विभिन्न संकायों के डीन एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। इस अवसर पर कई प्रख्यात उद्योग विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों से संवाद किया, जिनमें विकास जोशी (फ्यूचर जनरेशन टेक्नोलॉजी), पियूष कुमार कश्यप (SNF Floerger- वाटर साइंस सेगमेंट) और आयुष तिवारी (सीनियर एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, श्री नकोडा पाइप्स इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड) प्रमुख रहे। टेकफेस्ट के दौरान विभिन्न तकनीकी मॉडलों की प्रदर्शनी की गई, जो छात्रों की नवाचार क्षमता को दर्शाती है।




ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाऐं
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354